■ भाद्रपद कृष्णा - 2 ■ संवत 2080 ■ वर्ष - 11 ■ अंक - 40 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- चेन्नई » शुक्रवार » 01-09-2023 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

तक्षिन् पारत् राष्ट्रमत् | तिनसरि हिन्दि नाळितऴ् | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित





5 विपक्षी नेता अपने गठबंधन 'इंडिया' के नाम के भरोसे, यही उनका एकमात्र सहारा : राजनाथ सिंह

6 मोदी ने 2024 चुनाव के लिए मास्टर स्ट्रोक मारना किया शुरू

7 'द वैक्सीन वॉर' भारतीय वैज्ञानिकों की सच्ची उपलधि पर आधारित : पल्लवी जोशी

## फर्स्ट टेक

### जोहान्सबर्ग में बहुमंजिला इमारत में आग लगने से 73 लोगों की मौत

**जोहान्सबर्ग/वार्ता/स्पूतनिक।** दक्षिण अफ्रीका की राजधानी जोहान्सबर्ग में एक बहुमंजिला इमारत में आग लगने से कम से कम 73 लोगों की मौत हो गयी है और 52 अन्य झुलस गए हैं। जोहान्सबर्ग आपातकालीन प्रबंधन सेवाओं के प्रवक्ता रॉबर्ट मलाउदज़ी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इससे पहले दिन में, मलाउदजी ने कहा , दक्षिण अफ्रीका के सबसे बड़े शहर में एक बहुमंजिला इमारत में आग लगने से कम से कम 63 लोग मारे गए और 43 अन्य झुलस गए। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स', पर कहा, 'इस हादसे में 73 लोगों की मौत हो गई है और 52 लोग झुलस गए हैं। खोज और बचाव अभियान जारी है।'

### शाप्स ब्रिटेन के रक्षा मंत्री नियुक्त

**लंदन/वार्ता।** ब्रिटेन के ऊर्जा मंत्री ग्रांट शाप्स को देश का नया रक्षा मंत्री नियुक्त किया गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। कार्यालय ने एक्स पर लिखा, आरटी माननीय ग्रांट शाप्स सांसद को देश का रक्षा मंत्री नियुक्त किया गया है। इससे पहले दिन में, ब्रिटेन के रक्षा मंत्री बेन वालेस ने चार साल के कार्यकाल के बाद प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को इस्तीफा पत्र भेजा था।

### सेनेगल सेना ने नाइजर पर संभावित आक्रमण के लिए तैयारी शुरू की

**डाकार/वार्ता।** सेनेगल की सेना नाइजर में संभावित सैन्य हस्तक्षेप करने के लिए बेनिन में तैनाती की तैयारी शुरू कर रही है। यह जानकारी सेनेवेब समाचार पोर्टल ने बुधवार को सूत्रों के हवाले से दी। रिपोर्ट के अनुसार, सेनेगल की सेना ने सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ जनरल स्टाफ मबाये सिसे के निर्देश पर 11 अगस्त को अपनी सेना को एकत्रित किया। देश के हवाई वाहक, एयर सेनेगल ने एकत्रित 900 सैनिकों और सैन्य उपकरणों को बेनिन के शहर कोटोनौ में परिवहन करने का अनुरोध किया है, जो निस्संदेह पश्चिम अफ्रीकी राज्यों का आर्थिक समुदाय (ईसीओडब्ल्यूएएस) के बलों के लिए एक रियर बेस जैसा काम करेगा। सेना के एक प्रवक्ता ने पोर्टल से कहा कि उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं है। गौरतलब है कि 26 जुलाई को, नाइजर के राष्ट्रपति गार्ड ने राष्ट्रपति मोहम्मद बाज़ोम को अपदस्थ कर दिया और उन्हें हिरासत में ले लिया। गार्ड के कमांडर, जनरल अब्दुर्रहमान त्चियानी ने खुद को होमलैंड के नेतृत्व वाली सरकार की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय परिषद का कार्यवाहक अध्यक्ष घोषित किया।

| 01-09-2023 सूर्यास्त | 02-09-2023 सूर्योदय |
|---|---|
| 6:20 बजे | 5:57 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 64,831.41 | 19,253.80 |
| (-255.84) | (-93.65) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,122 रु. | 80,000 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

## मिशन मंडेला

**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### कुछ करो

परिवर्तित परिणाम हुए तो,
रहे पराजित मन मसोस कर।
यह चुनाव का अविचल रथ जो,
लोकतंत्र में चले निरंतर।
अंतर चाहे न्यून भले हो,
जो जीते वो बने सिकंदर।
काम करेंगे नहीं अगर जो,
हो जाएंगे वे छूमंतर।।

# टेक्नोलॉजी के साथ आध्यात्मिकता को भी जोड़ने से जीवन आसान होगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com





**रायपुर/वार्ता।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि बढ़ती प्रतिस्पर्धा के इस युग में साइंस और टेक्नालाजी के साथ आध्यात्मिकता को भी जोड़ने से जीवन आसान होगा।

श्रीमती मुर्मु ने आज यहां ब्रम्ह कुमारी संस्थान के शांति सरोवर रिट्रीट सेंटर में 'सकारात्मसक परिवर्तन का वर्ष' कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए कहा कि एक ओर हमारा देश नित-नई ऊंचाइयों को छू रहा है,चांद पर तिरंगा लहरा रहा है या विश्वस्तर खेल में कीर्तिमान रच रहा है। हमारे देशवासी अनेक नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर एक अत्यंत गम्भीर विषय है कुछ दिन पहले नीट की तैयारी कर रहे दो विद्यार्थियों ने अपने जीवन, अपने सपनों अपने भविष्य का अंत कर दिया। ऐसी घटनाएं नहीं होनी चाहिए बल्कि हमें प्रतिस्पर्धा को सकारात्मक रूप से लेना चाहिए, हार-जीत तो होती रहती है। उन्होने कहा कि बच्चों पर प्रतिस्पर्धा का दबाव है,पर जितना जरूरी उनका करियर है उतना ही जरूरी है कि वे जीवन की चुनौतियों का सामना कर सकें।उन्होने कहा कि मुझे लगता है कि ब्रम्हकुमारी संस्थान की सकारात्मक परिवर्तन की इस पाजिटिव थीम की सहायता से हम उन बच्चों की मदद कर सकते हैं जो बच्चे आधी-अधूरी जिंदगी जी कर चले जाते हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि हर बच्चे में अपनी विशिष्ट प्रतिभा है। अपनी रुचि को जानकर इस दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। यह वैज्ञानिक युग है। अभी के बच्चे बहुत शार्प माइंड के होते हैं। थोड़ा धैर्य कम होता है।ब्रह्मकुमारी परिवार के सदस्य कई बरसों से इस दिशा में काम कर रहे हैं।उन्होने कहा कि उनकी आध्यात्मिक यात्रा में भी ब्रह्मकुमारी संस्था ने उनका बहुत साथ दिया है। जब मेरे जीवन में कठिनाई थी,तब मैं उनके पास जाती थी। उनका रास्ता कठिन है पर कष्ट सहने से ही कृष्ण मिलते हैं, इसलिए धैर्य का जीवन जीना चाहिए।

## सरकार ने 18 से 22 तक 'संसद का विशेष सत्र' बुलाया

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्र सरकार ने 'अमृत काल' के बीच 18 से 22 सितंबर तक 'संसद का विशेष सत्र' बुलाया गया है जिसमें पांच बैठकें होंगी। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

संसदीय कार्य मंत्री जोशी ने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा, संसद का विशेष सत्र (17वीं लोकसभा का 13वां सत्र और राज्यसभा का 261वां सत्र) 18 से 22 सितंबर को बुलाया गया है।

संसद के इस विशेष सत्र के एजेंडे के बारे में आधिकारिक तौर पर कुछ भी नहीं कहा गया है। हालांकि यह सत्र 9 और 10 सितंबर को राष्ट्रीय राजधानी में जी20 शिखर बैठक के कुछ दिनों बाद आयोजित होने जा रहा है।

जोशी ने कहा कि संसद के इस विशेष सत्र में पांच बैठकें होंगी।



## विश्व कप क्वालीफायर के सेमीफाइनल में पहुंचा भारत

**सलालाह (ओमान)/वार्ता।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एशियाई पुरुष हॉकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर में गुरुवार को गोल की बरसात करते हुए जापान को 35-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। इस अविस्मरणीय मैच में मनिंदर सिंह ने सर्वाधिक 10 गोल किये, जबकि मोहम्मद रहील ने सात गोल जमाये। पवन राजभर और गुरजोत सिंह ने पांच-पांच, सुखविंदर ने चार, मंदीप मोर ने तीन और जुगराज सिंह ने एक गोल किया। मसाताका कोबोरी (29वां मिनट) ने मुकाबला खत्म होने से पहले जापान का एकमात्र गोल किया, लेकिन यह विशाल हार के अंतर को न के बराबर ही कम कर सका। भारत पांच मैचों में चार जीत के साथ 12 अंक अर्जित करते हुए क्वालीफायर के एलीट ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहा, जबकि पाकिस्तान (13 अंक) ने शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में जगह बनायी।

### केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय से कहा,

## जम्मू-कश्मीर में चुनाव के लिए तैयार हैं, पूर्ण राज्य बहाल करने में कुछ समय लगेगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/वार्ता।** उच्चतम न्यायालय के समक्ष केंद्र सरकार ने गुरुवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में वह किसी भी समय चुनाव कराने को तैयार है, लेकिन पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए कोई निश्चित समय सीमा नहीं बता सकती। पूर्ण राज्य बहाल करने में कुछ समय लगेगा।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति एस के कौल, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने केंद्र सरकार का पक्ष रख रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के इस बयान को रिकॉर्ड पर लिया, लेकिन स्पष्ट किया कि संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर योग्यताओं के आधार पर निर्णय लिया जाएगा।

मेहता ने जम्मू-कश्मीर के लिए पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने पर एक निश्चित समय सीमा बताने से परहेज किया। उन्होंने वहां निवेश, रोजगार और पर्यटकों की संख्या बढ़ने सहित विकास के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में अदालत को बताया। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने 29 अगस्त को केंद्र सरकार को आधिकारिक बयान देने के लिए कहा था। शीर्ष अदालत द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए मेहता ने कहा कि केंद्र सरकार अब किसी भी समय जम्मू-कश्मीर में चुनाव के लिए तैयार है।

## लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए एकजुट हुए, भाजपा को हराएंगे : विपक्ष

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com





**मुंबई/भाषा।** विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के कई घटक दलों के नेताओं ने बृहस्पतिवार को कहा कि वे संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए एकजुट हुए हैं और अगले लोकसभा चुनाव में मिलकर भारतीय जनता पार्टी को शिकस्त देंगे।

यहां के एक पंचसितारा होटल में विपक्षी दलों के नेता एकत्र हुए हैं। वे बृहस्पतिवार देर शाम रात्रिभोज पर अनौपचारिक बैठक करेंगे और शुक्रवार को औपचारिक रूप से चर्चा करेंगे।

बैठक के लिए मुंबई पहुंचे राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने कहा कि 'इंडिया' के मायने है कि हम सभी एकजुट होकर देश से गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई हटाएं। उन्होंने कहा, हमारा फर्ज है कि देश की एकता, अखंडता, संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए साथ मिलकर लड़ें।

बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा, इंडिया की इस बैठक के कई मायने हैं। जनता खुद चाहती है कि उनके सामने एक सही विकल्प रखा जाए। लोकतंत्र और संविधान को खत्म करने वाले लोगों को जनता करारा जवाब देना चाहती है। अगर हम एकजुट नहीं होते तो जनता माफ नहीं करती।

## दशकों से फरार आठ आतंकवादी गिरफ्तार

**जम्मू/भाषा।** जम्मू-कश्मीर की जांच एजेंसी और आपराधिक जांच विभाग के एक विशेष अभियान के दौरान लंबे समय से फरार आठ आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। जम्मू-कश्मीर की जांच एजेंसी और आपराधिक जांच विभाग ने समाज में घुल-मिलकर रहने वाले अपराधियों और आतंकवादियों की तलाश शुरू कर दी है, जिसके मद्देनजर यह अभियान चलाया गया था। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) की खुफिया जानकारी की सहायता से राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) के जासूसों ने महीनों तक चुपचाप काम करते हुए लगभग तीन दशकों के बाद आतंकवादी और विघटनकारी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के मामलों में वांछित आठ आतंकवादियों को पकड़ लिया है।

### अडाणी समूह के खिलाफ एक और रिपोर्ट,

## शेयरों के दाम चढ़ाने के लिए हेराफेरी करने के लगे आरोप

**नई दिल्ली/भाषा।** उद्योगपति गौतम अडाणी की अगुवाई वाले विविध कारोबार से जुड़े अडाणी समूह पर एक बार फिर गड़बड़ी के आरोप लगे हैं। खोजी पत्रकारों के वैश्विक नेटवर्क 'ऑर्गेनाइजड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट' (ओसीसीआरपी) ने समूह पर गुपचुप तरीके से अपने ही कंपनियों के शेयरों में निवेश का आरोप लगाया है। ओसीसीआरपी की रिपोर्ट मे कहा गया है कि प्रवर्तक परिवार के सहयोगियों द्वारा मॉरीशस स्थित ऐसे निवेश कोष का इस्तेमाल करके समूह की कंपनियों में गुपचुप तरीके से सैकड़ों अरब डॉलर का निवेश किया गया, जिनका कोई अता-पता नहीं है। हालांकि, अडाणी समूह ने इन आरोपों को खारिज कर दिया। इस निवेश की वजह से 2013 से 2018 के दौरान समूह की कंपनियों के शेयरों में जोरदार उछाल आया। ओसीसीआरपी ने कहा कि उसे प्राप्त दस्तावेजों में 2013 से 2018 तक समूह की कंपनियों के शेयरों की कीमतों का समर्थन करने के लिए प्रवर्तक परिवार के भागीदारों द्वारा प्रबंधित दो मॉरीशस आधारित कोष में जटिल व अस्पष्ट विवरण सामने आया है।

> ■ **खोजी पत्रकारों के वैश्विक नेटवर्क 'ऑर्गेनाइजड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट' (ओसीसीआरपी) ने समूह पर गुपचुप तरीके से अपने ही कंपनियों के शेयरों में निवेश का आरोप लगाया है।**

## यूक्रेन ने लंबी दूरी तक प्रहार करने वाला हथियार विकसित किया है : जेलेंस्की

**कीव/एपी।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनके देश ने एक ऐसा हथियार विकसित किया है जो 700 किलोमीटर की दूरी पर स्थित लक्ष्य को निशाना बना सकता है। रूस के पश्चिमी हिस्से में स्थित एक हवाई अड्डे पर एक दिन पहले हुए हमले के संदर्भ में जेलेंस्की का यह बयान आया है। जेलेंस्की ने अपने टेलीग्राम चैनल पर बताया कि इस हथियार का निर्माण यूक्रेन के सामरिक उद्योग मंत्रालय ने किया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने इसके अलावा इस बारे में कोई अन्य विवरण नहीं दिया। स्थानीय खबरों के अनुसार, मास्को ने बुधवार को दावा किया था कि रूस में चार घंटे तक ड्रोन मंडराते नजर आए थे, जिनसे एस्टोनिया और लातविया के साथ लगने वाली रूस की सीमा के निकट स्थित एक हवाई अड्डे पर हमला किया गया। खबरों में कहा गया है कि इस हमले में चार आईएल-76 सैन्य परिवहन विमान क्षतिग्रस्त हो गए।



## विभाजित दुनिया को एक साथ लाना भारत की जिम्मेदारी : जयशंकर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com





**नई दिल्ली/भाषा।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि आज दुनिया उत्तर-दक्षिण और पूर्व-पश्चिम में बंटी हुई है तथा विभाजित दुनिया को एक साथ लाना भारत की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि भारत की जी-20 की अध्यक्षता ऐसे समय में ''बहुत महत्वपूर्ण'' है जब दुनिया अच्छे स्वास्थ्य, अच्छी शिक्षा, अच्छे पोषण, पानी, ऊर्जा के साथ-साथ पर्यावरणीय परिवर्तन जैसी चुनौतियों से जूझ रही है।

जयशंकर ने यहां हिंदू कॉलेज में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, ''दुनिया उत्तर में विकसित देशों और दक्षिण में विकासशील देशों में विभाजित है, और यूक्रेन युद्ध के कारण, देशों को पूर्व और पश्चिम में ध्रुवीकृत किया जा रहा है। हम इन सबके बीच में हैं, इसलिए इस विभाजित दुनिया को एक साथ लाना हमारी जिम्मेदारी है।''

उन्होंने कहा, ''यूक्रेन युद्ध ने भी दुनिया के लिए कई परेशानियां खड़ी कर दी हैं। इससे ईंधन की कीमतें, खाद्यान्न की उपलब्धता और कीमतें तथा उर्वरकों की उपलब्धता और कीमतें प्रभावित हुई हैं, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था पर असर पड़ा है। दुनिया अच्छे स्वास्थ्य, अच्छी शिक्षा, अच्छे पोषण, अच्छे पानी, अच्छी ऊर्जा और पर्यावरण परिवर्तन जैसी चुनौतियों से जूझ रही है। इस दौर में जी-20 की भारत की अध्यक्षता बेहद अहम है।''

## 'चंदामामा' के यहां अठखेलियाँ करते 'प्रज्ञान' ने चंद्र सतह पर और अधिक खोजें कीं

**बेंगलूरु/भाषा।** इसरो ने बृहस्पतिवार को चंद्रयान-3 मिशन की प्रगति की जानकारी देने के लिए 'मां-बच्चे' के मनमोहक संदर्भ और चंद्रमा के लिए भारतीयों द्वारा आम तौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले 'चंदामामा' शब्द का इस्तेमाल किया। अंतरिक्ष एजेंसी ने यह उल्लेख ऐसे समय किया जब चंद्रयान-3 के रोवर 'प्रज्ञान' द्वारा चांद की सतह पर लगातार एक के बाद एक खोज की जा रही हैं।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा कि चंद्रयान-3 मिशन के रोवर 'प्रज्ञान' पर लगे एक अन्य उपकरण ने भी एक अलग तकनीक का उपयोग करके चंद्र क्षेत्र में गंधक (सल्फर) की मौजूदगी की पुष्टि की है।



इसरो ने सुरक्षित रास्ते की तलाश में घूमते रोवर का एक वीडियो भी जारी किया। इस घूर्णन प्रक्रिया का वीडियो लैंडर इमेजर कैमरे ने बनाया।

इसके द्वारा किए गए सोशल मीडिया पोस्ट पर आज लोगों की निगाहें टिकी रहीं।

इसरो ने लिखा, सुरक्षित रास्ते की तलाश में रोवर घूमा। इसकी घूर्णन प्रक्रिया का वीडियो लैंडर इमेजर कैमरे ने बनाया। आज ऐसा महसूस होता है मानो एक नन्हा शिशु, चंदामामा के आँगन में अठखेलियाँ कर रहा है, जबकि माँ स्नेहपूर्वक उसे निहार रही है। है ना?

राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि 'अल्फा पार्टिकल एक्स-रे स्पेक्ट्रोस्कोप' (एपीएक्सएस) नामक उपकरण ने चंद्रमा पर गंधक के साथ-साथ अन्य छोटे तत्वों का भी पता लगाया है। पोस्ट में कहा गया, चंद्रयान-3 की यह खोज वैज्ञानिकों को क्षेत्र में गंधक (एस) के स्रोत के लिए नए स्पष्टीकरण विकसित करने के लिए विवश करती है: आंतरिक?, ज्वालामुखीय?, उल्कापिंड?,......?

## अमेरिकी सेना की योजना अगले दो साल में हजारों स्वायत्त युद्ध-रोबोट तैयार करने की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गोल्ड कोस्ट (ऑस्ट्रेलिया)/द कन्वरसेशन।** अमेरिका की उप रक्षा मंत्री कैथलीन हिक्स ने सोमवार को अपने एक भाषण में घोषणा की कि उनके देश की सेना चीन की बढ़ती ताकत को देखते हुए अगले दो वर्षों में हजारों स्वायत्त हथियार प्रणालियों का उपयोग शुरू करने की योजना बना रही है।

अमेरिका की रेप्लिकेटर पहल का उद्देश्य सेना की सभी शाखाओं के लिए अत्यधिक संख्या में किफायती प्रणालियों का उत्पादन करने के वास्ते रक्षा और अन्य तकनीकी कंपनियों के साथ समन्वय करना है।

पिछले करीब एक दशक के आसपास विभिन्न स्तरों में स्वतंत्र संचालन के लिए सक्षम सैन्य प्रणालियाँ तेजी से सामान्य हुई हैं। लेकिन अमेरिकी घोषणा स्पष्ट करती है कि युद्ध का भविष्य बदल गया है : लड़ाके रोबोट का दौर आ गया है।

विचार को हकीकत में बदलने का समय आ गया है

बीते दशक में, सैन्य उद्देश्यों के लिए उन्नत रोबोटिक प्रणालियों का खासा विकास हुआ है। इनमें से कई तो परिवर्तित वाणिज्यिक प्रौद्योगिकी पर आधारित हैं, जो स्वयं अधिक सक्षम, सस्ती और व्यापक रूप से उपलब्ध हो गई है। हाल ही में, ध्यान इस बात पर प्रयोग करने पर केंद्रित हो गया है कि युद्ध में इनका सर्वोत्तम उपयोग कैसे किया जाए। यूक्रेन में रूस के युद्ध ने दिखा दिया है कि वास्तविक दुनिया में तैनाती के लिए प्रौद्योगिकी तैयार है।

बख्तरबंद वाहनों और तोपखाने का पता लगाने और उन पर हमला करने के लिए रोबोट हवाई वाहन का व्यापक रूप से उपयोग किया गया है। यूक्रेनी नौसेना के हमलावर ड्रोनों ने रूस के काला सागर बेड़े को पंगु बना दिया है, जिससे उनके युद्धपोत बंदरगाह से आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। कभी सैन्य रोबोट के बारे में सोच विचार होता था लेकिन अब इनका समय आ गया है।

# विनय व नम्रता के गुणों की खान हैं विजयसागरसूरी : मुनि राजपद्मसागर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के शांतिनाथ जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ ट्रस्ट के तत्वावधान में एलएनपुरम स्थित समणी भवन के प्रांगण में चातुर्मासार्थ विराजित मुनिश्री राजपद्मसागरजी व श्रमणपद्मसागरजी की निश्रा में आचार्यश्री विनयसागरसूरीश्वरजी म.सा का 65वां जन्मोत्सव मनाया गया। मुनिश्री राजपद्मसागरजी म.सा ने कहा आज गुरुदेव का जन्मदिन है और उनके उपकारों को याद करते हुए कहा कि गुरु हमेशा शिष्यों का निर्माण करते हैं। विनय गुरु का जैसा नाम है वैसे ही उनके गुण हैं। गुरु के आशीर्वाद से ही में यहां तक पहुंचा हूँ। मुनिश्री श्रमणपद्मसागरजी ने कहा कि जिस प्रकार बसंत ऋतु आती है तो हरियाली छा जाती है, वैसे ही संत के आगमन से जीवन में संस्कारों की हरियाली छा जाती है। गुरुदेव का नाम संसारी नाम भी बसंत था और हम सब यही कामना करते है कि विनयगुरु दीर्घायु हो। इस गुरु गुण उत्सव में पधारे हुए सभी ने गुरु के गुणगान किये। संघ में प्रभु की अंगरचना, जीवदया के कार्य एवं अन्नदान वितरण किया गया। जन्मोत्सव पर संघ अध्यक्ष संघवी विनोदकुमार, सचिव नरेंद्र आच्छा, जवरीलाल मुथा, प्रसन्न चंडालिया, सज्जनराज बरलोटा, चंदनमल भंसाली, पारसमल बोकाडिया, हीरजी डोसी, मीठालाल नौलखा, पूनम जैन, हस्तीमल देसरला पारसमल कटारिया आदि ने गुरु गुणगान किए। पूनम सामायिक मंडल द्वारा सामायिक का आयोजन किया तथा महावीर प्रसादी वितरण के लाभार्थी माणकचंद मंगलचंद आच्छा परिवार रहा।



# चिकमगलूरु में महेन्द्र मुणोत ने बांटी पाठ्य सामग्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चिकमगलूरु। चिकमगलूरु जैन महिला मंडल द्वारा सरकारी तमिल विद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में बेंगलूरु के मारुति मेडिकल के प्रमुख व समाजसेवी महेन्द्र मुणोत ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री वितरित की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महेन्द्र मुणोत,क्षेत्रीय शिक्षण अधिकारी रवीश, चिकमगलूर जैन समाज के अध्यक्ष कांतिलाल जैन, मंत्री रमेश जैन, महिला मंडल की अध्यक्ष सपना जैन, उर्मिला जैन, चंद्रा जैन, नीता जैन, गीता जैन, अनुपमा जैन, पूर्णिमा जैन आदि उपस्थित थे। मुणोत ने कहा कि आज भी समाज में एक वर्ग ऐसा है जो अपने बच्चों को शिक्षा एवं चिकित्सा भी उपलब्ध नहीं करवा पाता। ऐसे बच्चों के जीवन में निश्चित रूप से जैन महिला मंडल की सदस्याएं रोशनी लेकर आएगी तथा हमसे जितना सहयोग होगा हम करेंगे।

# जी20 शिखर सम्मेलन में रूस ऊर्जा के विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के दर्जे का प्रस्ताव रखेगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मॉस्को/भाषा।** रूस ने जी20 समूह के आगामी शिखर सम्मेलन में विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव की भागीदारी की पुष्टि करते हुए कहा है कि इस सम्मेलन में रूस को ऊर्जा संसाधनों एवं निर्यात उत्पादों के एक 'विश्वसनीय एवं आश्वस्त आपूर्तिकर्ता' का दर्जा पुख्ता किए जाने की मांग रखी जाएगी।

अगले सप्ताह नई दिल्ली में जी20 देशों का शिखर सम्मेलन होने वाला है। इसमें रूस का प्रतिनिधित्व राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बजाय लावरोव करेंगे। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने बुधवार को कहा था कि इस सम्मेलन में रूस को ऊर्जा संसाधनों एवं निर्यात उत्पादों के एक 'विश्वसनीय एवं आश्वस्त आपूर्तिकर्ता' के दर्जे को पुख्ता किए जाने की मांग प्रमुखता से रखी जाएगी। पिछले साल फरवरी में यूक्रेन के खिलाफ सैन्य कार्रवाई शुरू करने के बाद रूस के खिलाफ अमेरिका एवं यूरोपीय देशों ने कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाए हुए हैं। ऐसी स्थिति में रूस अपनी आर्थिक जरूरतों की पूर्ति के लिए भारत समेत कई देशों के लिए ऊर्जा आयात का एक भरोसेमंद देश बनकर उभरा है। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता जखारोवा ने कहा, रूसी प्रतिनिधिमंडल इस मुद्दे पर जोर देगा कि दुनिया में किसी भी दबाव, बदलाव, अनुचित प्रतिबंधों के बावजूद रूस हमेशा विशेष रूप से ऊर्जा संसाधनों का एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता रहा है। लावरोव जी20 सम्मेलन से इतर होने वाली द्विपक्षीय बैठकों में अनाज समझौते के मुद्दे पर भी चर्चा कर सकते हैं।

पश्चिमी देश यूक्रेन पर रूस की सैन्य कार्रवाई के बाद उसके खिलाफ लगाई गई पाबंदियों से बचने के लिए काला सागर अनाज सौदे के उल्लंघन का आरोप लगाते रहे हैं। प्रवक्ता ने कहा कि नई दिल्ली सम्मेलन में रूस की तरफ से 'वृहत्तर यूरेशियाई साझेदारी' को लागू कर बहुपक्षीय सहयोग बढ़ाने की दिशा में भी विशेष प्रस्ताव रखा जाएगा।

# 'समय ही चैतन्य परमात्मा का स्वरूप और सत्य है'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के गांधीनगर स्थित वैष्णव भवन में आयोजित सत्संग कार्यक्रम में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए श्री बालाजी मठ मंदिर लोक न्यास ग्वालियर के चेयरमैन एवं गौमाता गौरक्षा फाउंडेशन के राष्ट्रीय मंत्री भानूप्रताप दुबे ने कहा कि मन को वासना की ओर से हटाने के पश्चात परमात्मा में अनुराग संभव है। समय बड़ा बलवान है। समय से बड़ा कोई नहीं, समय ही चैतन्य परमात्मा का स्वरूप है और सत्य है। समय के मूल्य की पहचान और सद्ज्ञान का जीवन जीने की कला ब्राह्मणों की देन है। कलिकाल और तामसी आहार के दोष के चलते अहंकार एवं बेमनुष्यता को स्वीकार करने वाले व्यक्ति अंधविश्वास की निद्रा में वशीभूत होकर मूल स्वरूप के साक्षात्कार के प्रकाश से भटककर अंधकार की ओर जाने की राह अपना रहे हैं। इसका परिणाम संघर्ष का सामना करने की स्थिति बनती है।



जिस तरह मोती कभी भी किनारे पर खुद नहीं आते उन्हें पाने के लिए समंदर में उतरना ही पड़ता है, उसी तरह पाया है तन अनमोल सदाचार के लिए। मनुष्य तन पाकर भक्ति का अंतिम लक्ष्य परमात्मा के साक्षात्कार का अनुभव दिव्य आनंद भरा जीवन का आनंद का आधार सत्संग है।

# प्रधानमंत्री ने विश्व संस्कृत दिवस पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व संस्कृत दिवस के अवसर पर बृहस्पतिवार को देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और इस महान भाषा का उत्सव मनाने के लिए सभी से सोशल मीडिया पर संस्कृत में एक वाक्य साझा करने की अपील की।

मोदी ने 'एक्स' पर संस्कृत में की गई एक पोस्ट में कहा, विश्व संस्कृत दिवस पर मेरी शुभकामनाएं। मैं उन सभी की प्रशंसा करता हूं, जो संस्कृत के प्रति बहुत भावुक हैं। भारत का संस्कृत के साथ बहुत विशिष्ट संबंध है। इस महान भाषा का उत्सव मनाने के लिए, मैं आप सभी से संस्कृत में एक वाक्य साझा करने का अनुरोध करता हूं। उन्होंने इस पोस्ट के बाद खुद भी संस्कृत में एक वाक्य साझा किया, जिसमें उन्होंने लिखा, अग्रिमदिनेषु भारतं जी-20 संमेलनस्य आतिथ्यं करिष्यति। संपूर्णविश्वतः जनाः भारतम् आगमिष्यन्ति, अस्माकं श्रेष्ठसंस्कृतिं ज्ञास्यन्ति च। उन्होंने सभी से संस्कृत वाक्य के साथ ही हैशटैग 'सेलिब्रेटिंग संस्कृत' का उपयोग करने का भी आग्रह किया। संस्कृत दिवस भारत में प्रतिवर्ष 'श्रावणी पूर्णिमा' के दिन मनाया जाता है। श्रावणी पूर्णिमा अर्थात् रक्षा बन्धन ऋषियों के स्मरण तथा पूजा और समर्पण का पर्व माना जाता है। ऋषि ही संस्कृत साहित्य के आदि स्रोत हैं, इसलिए श्रावणी पूर्णिमा को 'ऋषि पर्व' और 'संस्कृत दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

# सेबी ने वैकल्पिक निवेश नीति पर गठित समिति में किया बदलाव, सदस्यों की संख्या बढ़ी

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड (सेबी) ने वैकल्पिक निवेश सलाहकार समिति का पुनर्गठन किया है। समिति वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) के विकास से जुड़े मुद्दों पर नियामक को परामर्श देती है। सेबी ने अद्यतन सूचना में कहा कि समिति में अब 25 सदस्य होंगे। सेबी ने इस समिति का गठन मार्च, 2015 में किया था। पिछले साल फरवरी में समिति में बदलाव कर इसके सदस्यों की संख्या 20 कर दी गई थी। इन्फोसिस के सह-संस्थापक एन आर नारायण मूर्ति की अध्यक्षता वाली समिति अबतक एआईएफ उद्योग पर तीन रिपोर्ट दे चुकी है। नारायण मूर्ति के अलावा समिति में सेबी, वित्त मंत्रालय, एआईएफ से जुड़ी इकाइयों और उद्योग संगठनों के सदस्य शामिल हैं।

# नवी मुंबई में कंटेनर से 13.5 लाख रु. का सामान चोरी, दो लोग गिरफ्तार

**ठाणे/भाषा।** नवी मुंबई पुलिस ने खारघर इलाके में एक कंटेनर से 13.5 लाख रुपए की कीमत का बिजली का सामान चोरी करने आरोप में एक ऑटो-रिक्शा चालक और एक मजदूर को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। खारघर पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि घटना मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात की है।

अधिकारी ने बताया कि कुछ अज्ञात लोगों ने खारघर में सिडको जल संयंत्र में खड़े कंटेनर में घुसे और एक ठेकेदार के 13.5 लाख रुपए की कीमत के कंडक्टर और अर्थ वायर सहित कई सामान चोरी कर लिए।

उन्होंने बताया कि इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच और विभिन्न सुरागों पर काम करने के बाद पुलिस ने बुधवार देर रात खारघर से ऑटो-रिक्शा चालक (28) और एक मजदूर (32) को गिरफ्तार कर लिया।

अधिकारी ने बताया कि पुलिस चोरी का सामान बरामद करने की कोशिश कर रही है।

# 'इंडिया' गठबंधन एजेंडा-विहीन, इसका मकसद केवल प्रधानमंत्री मोदी को हटाना है : फडणवीस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को विपक्षी दलों के 'इंडिया' गठबंधन को एजेंडा-विहीन करार देते हुए कहा कि इसका एकमात्र उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पद से हटाना है।

वहीं, भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने 'इंडिया' गठबंधन को जानवरों का झुंड करार दिया। मुंबई के ग्रैंड हयात होटल में 31 अगस्त और एक सितंबर को होने वाली, 28 राजनीतिक दलों वाले विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की बैठक में 63 प्रतिनिधि शामिल होंगे।

फडणवीस ने संवाददाताओं से कहा, इंडिया गठबंधन एजेंडा-विहीन है। उनका एकमात्र मकसद मोदी को उनके पद से हटाना है। उन्होंने कहा, एक बार जब मोदी ने लोगों के मन में जगह बना ली है, तो 36 नहीं, बल्कि 100 पार्टियां भी एक साथ आ जाएं, तो भी उन्हें हटा नहीं सकतीं। वह अपनी कड़ी मेहनत, गरीब हितैषी नीतियों और अपने काम के प्रति समर्पण के कारण लोगों के दिल में बसे हैं। फडणवीस ने दावा किया कि 'इंडिया' गठबंधन के सदस्य अपने राजनीतिक हितों को बचाने के लिए एक साथ आए हैं। भाजपा नेता ने कहा, पांच राजनीतिक दल पहले ही प्रधानमंत्री पद में गहरी रुचि दिखा चुके हैं। यदि वे किसी नाम को अंतिम रूप देते हैं, तो भी नाम लोगों को स्वीकार्य होना चाहिए।

# 'रक्षाबंधन प्रेम, वात्सल्य और पवित्रता का बंधन है'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के मागड़ी रोड स्थित सुमतिनाथ जैन श्वेतांबर संघ में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री प्रीतिसुधाश्रीजी की निश्रा में प्रियमंत्रान्जनाश्रीजी ने रक्षाबंधन के अवसर पर कहा कि यह त्यौहार हर धर्म के साथ जुड़ा हुआ है। वैदिक, सनातन, हिंदू, सामाजिक, पारिवारिक और राष्ट्र को लेकर बहुत से त्योहार भारत में मनाए जाते है। रक्षाबंधन का पर्व भाई बहन के निस्वार्थ प्रेम का प्रतीक है. जिसमें बहन अपने भाई को राखी बांधती है और मानती है कि भाई उसके जीवन की और शील की रक्षा करेगा।

पूर्व काल में युद्ध के लिए प्रस्थान करते समय बहन अपने भाई को रक्षा सूत्र बाँधती थी। रक्षाबंधन प्रेम, वात्सल्य और पवित्रता का बंधन है जिसमें भाई-बहन के बीच का निस्वार्थ प्रेम भरा हुआ है। इसमें विश्वास घात नहीं, रिश्तों में दरार नहीं, अमीरी गरीबी का कोई भेदभाव नहीं। यह पर्व शत्रुओं को भी मित्र बना सकता है। पूर्व काल में राज्य पर आए हुए संकट को टालने के लिए महारानी या राजपुत्री दूसरे देश के राजा को राखी भेजती थी, उस समय वहां का राजा भले शत्रु ही क्यों न हो, राखी का मान रखकर भाई का कर्तव्य निभाता था और उस देश की रक्षा करता था। आज के समय में दूसरों की बहन तो दूर अपनी स्वयं की सगी बहन की भी रक्षा का अवसर आए तो पीछे हट जाते हैं

# शहरों में घर खरीदने वालों को कर्ज पर ब्याज में राहत के लिए अगले महीने योजना लाएंगे : पुरी



**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि शहरों में अपना घर खरीदने का सपना देख रहे लोगों को गृह ऋण पर ब्याज में राहत देने के लिए अगले महीने यानी सितंबर में एक योजना लाई जाएगी। पुरी ने बृहस्पतिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अभी इस योजना के तौर-तरीकों पर काम किया जा रहा है।

केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के सचिव मनोज जोशी ने कहा, शहरों में घर खरीदने का सपना देख रहे लोगों को कर्ज पर ब्याज में राहत देने के लिए सितंबर में योजना पेश की जाएगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर अपने भाषण में शहरों में रह रहे ऐसे मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए योजना की घोषणा की थी, जिनके पास अपना घर नहीं है।

मोदी ने लाल किले पर अपने संबोधन में कहा था, मध्यमवर्गीय परिवारों का शहरों में अपने घर का सपना होता है। हम जल्द ही इसके लिए योजना लाएंगे। उन्होंने कहा था, हमने किराए के घरों, अनधिकृत बस्तियों और झोपड़पट्टियों में रहने वाले परिवारों को अपना घर बनाने के लिए बैंक कर्ज पर ब्याज में राहत देने का निर्णय लिया है।



# 'इंडिया' के घटक दलों के नेताओं की अनौपचारिक बैठक शुरू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के घटक दलों के नेताओं की अनौपचारिक बैठक बृहस्पतिवार को यहां रात्रिभोज से पहले शुरू हो गई। विपक्षी गठबंधन की यह तीसरी बैठक है और शुक्रवार को औपचारिक एवं विस्तृत चर्चा होगी।

सूत्रों का कहना है कि 'इंडिया' गठबंधन की इस दो दिवसीय बैठक में अगले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का मुकाबला करने की रणनीति, नए सहयोगियों को शामिल करने, गठबंधन के सांगठनिक स्वरूप और आगे के कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

विपक्षी गठबंधन की तीसरी बैठक की मेजबानी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के तीन घटक दलों कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) द्वारा की जा रही है।

मुंबई के ग्रैंड हयात होटल में आयोजित रात्रिभोज पर हो रही अनौपचारिक बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता एवं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन, जनता दल (यूनाइटेड) के नेता एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद, बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, राकांपा नेता शरद पवार, शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे और कई अन्य विपक्षी दलों के नेता शामिल हैं।

# इसरो के पूर्व प्रमुख डॉ. सिवन आईआईटी इंदौर के संचालक मंडल के अध्यक्ष बने

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



इंदौर (मध्यप्रदेश)/भाषा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व प्रमुख डॉ. के. सिवन को तीन साल के लिए इंदौर के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के संचालक मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

आईआईटी इंदौर की ओर से बृहस्पतिवार को जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। विज्ञप्ति में बताया गया कि सिवन ने आईआईटी इंदौर के संचालक मंडल के अध्यक्ष के रूप में प्रोफेसर दीपक बी. फाटक का स्थान लिया है। फाटक का कार्यकाल 21 अगस्त को खत्म हुआ था। आईआईटी इंदौर के निदेशक प्रो. सुहास जोशी ने कहा,संस्थान के संचालक मंडल के अध्यक्ष के रूप में डॉ. सिवन को पाकर हम बहुत खुश और उत्साहित हैं। उन्हें आईआईटी इंदौर के परिवार में शामिल किए जाने का इससे बेहतर समय नहीं हो सकता था, जब भारत ने चंद्रयान-3 की कामयाबी के रूप में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है।

उन्होंने कहा,''मुझे विश्वास है कि आईआईटी इंदौर को डॉ. सिवन के मार्गदर्शन में अंतरिक्ष इंजीनियरिंग के अनछुए क्षेत्रों में काम करते हुए देश के अंतरिक्ष अभियान में योगदान का मौका मिलेगा।

जोशी ने उम्मीद जताई कि सिवन के नेतृत्व में आईआईटी इंदौर इसरो के साथ शिक्षा और अनुसंधान के अलग-अलग क्षेत्रों में पहले से अधिक सहभागिता कर सकेगा। उन्होंने बताया कि आईआईटी इंदौर ने इस अकादमिक सत्र से 10 नए शैक्षणिक कार्यक्रम शुरू किए हैं। जोशी ने बताया कि इनमें अंतरिक्ष विज्ञान और इंजीनियरिंग में बी.टेक. की उपाधि का कार्यक्रम शामिल है और देश में केवल आईआईटी इंदौर अपनी तरह के इस इकलौते पाठ्यक्रम की पेशकश कर रहा है।

आईआईटी निदेशक के मुताबिक कुल 20 सीटों वाले इस पाठ्यक्रम में चार स्थान छात्राओं के लिए हैं।

# जेवाईएस के 'नवकार महामंत्र के 11 करोड़ जाप' अभियान के लिए रजिस्ट्रेशन सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




बेंगलूरु। स्थानीय जैन युवा संगठन के तत्वावधान में शहर में विराजित विभिन्न साधु साध्वियों की निश्रा में आत्मशुद्धि, विश्वशांति व सर्व कल्याण के लिए नवकार महामंत्र का 11 करोड़ का जाप 'नवकार मंत्र करे भव' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। अनुष्ठान रक्षाबंधन के पर्व से शुरु हुआ और 10 नवंबर को धनतेरस पर सम्पन्न होगा। पिछले रविवार से बेंगलूरु के सभी चातुर्मासिक स्थलों पर स्थानीय संघ व जैन युवा संगठन के प्रतिनिधियों द्वारा 'नवकार करे भवपार' 11 करोड़ नवकार मंत्र जप की साधना हेतु रजिस्ट्रेशन प्रारंभ किया गया था जिसमें सभी संघ संस्थाओं का संगठन को पूर्ण सहयोग मिला। जैन समन्वय समिति व इस कार्यक्रम के चेयरमैन दिलीप संचेती ने बताया इस अभियान के लिए रजिस्ट्रेशन पूर्ण हो चुके है। अध्यक्ष महेंद्र बाग़रेचा व सम्पूर्ण प्रबंध मंडल विगत एक सप्ताह से इस कार्य के निष्पादन हेतु तैयारियों में जुटा हुआ था।

# एआई का उपयोग करते हुए उपभोक्ता हितों को करें सुरक्षित : सचिव

**नई दिल्ली/भाषा।** उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने बृहस्पतिवार को कृत्रिम मेधा (एआई) का उपयोग करते हुए उपयोगकर्ताओं के हितों को सुरक्षित रखने पर जोर दिया। सचिव रोहित कुमार सिंह ने उपभोक्ता मामलों के विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला 'कृत्रिम मेधा और उपभोक्ता' में अपने संबोधन के दौरान यह बात कही। कार्यशाला का उद्देश्य एआई का लाभ उठाते हुए उपभोक्ता हितों की रक्षा के मुद्दों पर विभाग के अधिकारियों और अन्य हितधारकों के बीच रचनात्मक बातचीत करना था।

# मप्र : मेट्रो रेल के तीन डिब्बे इंदौर पहुंचे, सितंबर में प्रायोगिक परीक्षण प्रस्तावित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**इंदौर (मध्यप्रदेश)/भाषा।** मेट्रो रेल के तीन डिब्बों के इंदौर पहुंचने के बाद 7,500.80 करोड़ रुपए की लागत वाली इस परियोजना के सितंबर के मध्य में प्रस्तावित प्रायोगिक परीक्षण (ट्रायल रन) की औपचारिक कवायद बृहस्पतिवार से शुरू हो गई। मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमपीएमआरसीएल) के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुजरात के वडोदरा के पास स्थित सावली के एक संयंत्र से सड़क मार्ग से भेजे गए तीन डिब्बों को इंदौर के गांधी नगर में बनाए गए मेट्रो रेल डिपो से सटे अनलोडिंग बे की पटरियों पर उतारा गया।

अधिकारियों ने बताया कि मेट्रो रेल के तीनों डिब्बों को आपस में जोड़ा जाएगा और सितंबर के मध्य में प्रस्तावित प्रायोगिक परीक्षण से पहले उनकी इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल जांच की जाएगी। इंदौर के लोकसभा सांसद शंकर लालवानी ने तीनों डिब्बों को मालवाहक ट्रकों के कंटेनरों से उतारे जाने की प्रक्रिया की नारियल फोड़कर धार्मिक विधि-विधान से शुरुआत की।

सूबे के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्वीटर) पर संदेश पोस्ट किया, बधाई इंदौर। इंदौर में मेट्रो का सपना साकार होने की दिशा में आज एक और उपलब्धि मिली है। गांधी नगर डिपो में पहले रोलिंग स्टॉक का आगमन हुआ है। इंदौर मेट्रो का ट्रायल रन सितंबर माह में प्रस्तावित है। राज्य में नवंबर के दौरान विधानसभा चुनाव संभावित हैं। इसलिए मेट्रो रेल परियोजना सियासी तौर पर भी अहम मानी जा रही है। एमपीएमआरसीएल के अधिकारियों ने बताया कि शहर के गांधी नगर स्टेशन से सुपर कॉरिडोर के स्टेशन क्रमांक-तीन के बीच 5.9 किलोमीटर के सर्वोच्च प्राथमिकता वाले गलियारे पर तीन डिब्बों वाली मेट्रो रेल का प्रायोगिक परीक्षण (ट्रायल रन) किया जाना है। अधिकारियों के मुताबिक इस फासले में कुल पांच स्टेशन पड़ेंगे। उन्होंने बताया कि इंदौर में 7,500.80 करोड़ रुपए की कुल लागत वाली मेट्रो रेल परियोजना के पहले चरण की नींव 14 सितंबर 2019 को रखी गई थी। इसके तहत शहर में करीब 31.50 किलोमीटर लम्बा मेट्रो रेल गलियारा बनाया जाना है।

# प्लास्टिक क्षेत्र को पीएलआई योजना में शामिल करने की मांग

**कोलकाता/भाषा।** अखिल भारतीय प्लास्टिक विनिर्माता संघ (एआईपीएमए) ने क्षेत्र को रफ्तार देने के लिए प्लास्टिक की वस्तुओं पर आयात शुल्क में संशोधन करने और क्षेत्र को उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना में शामिल करने की मांग की है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष मयूर डी शाह ने कहा कि वे चाहते हैं कि सरकार आयात शुल्क को 10% से बढ़ाकर 20% कर दे। उन्होंने जोर दिया कि प्लास्टिक उद्योग के भीतर 'मेक इन इंडिया' पहल की गति को बढ़ावा देने के लिए ये उपाय आवश्यक हैं। शहर में प्लास्टिक उद्योग के विकास के लिए छठे प्रौद्योगिकी सम्मेलन के मौके पर शाह ने कहा, एआईपीएमए के व्यापक अध्ययन से पता चला है कि वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान 37,500 करोड़ रुपए के प्लास्टिक के सामान का आयात किया था, जिसमें चीन की हिस्सेदारी 48% थी। भारतीय प्लास्टिक उद्योग में 15 लाख से अधिक व्यक्तियों को रोजगार मिला हुआ है और इसमें लगभग 50,000 उद्यम शामिल हैं, जिनमें से 95% लघु और सूक्ष्म-उद्यम श्रेणी में आते हैं। भारत का प्लास्टिक निर्यात लगभग 35,000 करोड़ रुपए सालाना का है। शाह ने कहा कि उद्योग का कुल राजस्व वर्ष 2027 तक 3.85 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 10 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचने का अनुमान है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के मनीष चड्ढा ने प्लास्टिक उद्योग के विकास को बढ़ावा देने में नीति की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की।

# शीर्ष अदालत के कॉलेजियम ने पांच अतिरिक्त न्यायाधीशों को मद्रास उच्च न्यायालय में स्थाई न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/नई दिल्ली।** भारत के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति धनंजय वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने बृहस्पतिवार को मद्रास उच्च न्यायालय के स्थायी न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए पांच अतिरिक्त न्यायाधीशों के नामों की सिफारिश की। कॉलेजियम में न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना भी शामिल हैं। इसकी बैठक आज हुई। कॉलेजियम का निर्णय बाद में शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड किया गया।

जिन पांच अतिरिक्त न्यायाधीशों के नामों की सिफारिश की गई है, वे हैं... न्यायमूर्ति ए. ए. नक्कीरन, न्यायमूर्ति निदुमोलू माला, न्यायमूर्ति एस. सौंथर, न्यायमूर्ति सुंदर मोहन और न्यायमूर्ति कबाली कुमारेश बाबू। मद्रास उच्च न्यायालय के कॉलेजियम ने 20 जून, 2023 को सर्वसम्मति से इन पांचों को उच्च न्यायालय के स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की थी। शीर्ष अदालत के कॉलेजियम ने एक बयान में कहा कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और राज्यपाल ने उपरोक्त सिफारिश पर सहमति व्यक्त की है।

कॉलेजियम के एक अन्य निर्णय में दो अतिरिक्त न्यायाधीशों की स्थाई न्यायाधीश के रूप में और एक अतिरिक्त न्यायाधीश की एक साल के नये कार्यकाल के लिए नियुक्ति की सिफारिश की गई है। कॉलेजियम ने कहा, अतिरिक्त न्यायाधीशों– न्यायमूर्ति अनंत रामनाथ हेगड़े और न्यायमूर्ति कन्नकुझिल श्रीधरन हेमलेखा को कर्नाटक उच्च न्यायालय में मौजूदा रिक्तियों को भरने के लिए स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया जाए। कॉलेजियम ने कहा, न्यायमूर्ति सिद्धैया राचैया को स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किए जाने के बजाय आठ नवंबर, 2023 के प्रभाव से एक साल के नए कार्यकाल के लिए अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया जा सकता है।

श्रद्धांजलि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई में गुरुवार को मद्रास हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश के सामीदुरै को श्रद्धांजलि देने उनके निवास पर पहुंचे मुख्यमंत्री एमके स्टालिन।

# मुख्यमंत्री स्टालिन पॉडकास्ट श्रृंखला 'स्पीकिंग फॉर इंडिया' शुरू करेंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से मुकाबले के लिए बने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को मजबूत समर्थन देने के उद्देश्य से वह पॉडकास्ट श्रृंखला 'स्पीकिंग फॉर इंडिया' के माध्यम से राष्ट्र को संबोधित करेंगे। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में स्टालिन ने कहा कि हाल ही उन्होंने अपने विचार साझा करने के लिए प्रश्नोत्तरी सत्र शुरू किया। उन्होंने कहा द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) अपने 75 साल पूरे करने जा रहा है और संसद में हम तीसरे बड़े दल हैं। इस दल को (पूर्व मुख्यमंत्रियों) सी एन अन्नादुराई और एम करुणानिधि जैसे प्रतिष्ठित नेताओं ने खड़ा किया, जिन्होंने गहरा प्रभाव डाला।

उन्होंने कहा, हमें 'इंडिया' के लिए बोलने पर मजबूर किया गया है। मैं एक ऑडियो श्रृंखला के माध्यम से बोलने जा रहा हूं कि कैसे भाजपा शासन भारत को नष्ट कर रहा है और हम भविष्य में एक समतावादी और भाईचारे वाले भारत का निर्माण कैसे करना चाहते हैं। द्रमुक 'इंडिया' गठबंधन में शामिल दलों में से एक हैं।

## चालक को झपकी आने से बड़ा हादसा, दो पंचायत अध्यक्षों की मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु के पुदुकोट्टई जिले में मदुरै–त्रिची राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार को एक कार ने खड़े ट्रेलर–लॉरी में टक्कर मार दी। इस हादसे में दो पंचायत अध्यक्षों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, यह घटना तब हुई जब चार लोग राज्य भर से पंचायत अध्यक्षों की बैठक के लिए चेन्नई जा रहे थे। जब कार वनथिरुपति के पास राजमार्ग पर पहुंची, तो चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। कार खड़ी लॉरी से टकराने से पहले डिवाइडर से टकराई थी। मृतकों की पहचान 52 वर्षीय वी. करुप्पुसामी और 53 वर्षीय के. अभिमान राज के रूप में हुई है। हादसे में दो अन्य पंचायत अध्यक्ष शंकर और समुथराम घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए पुदुकोट्टई जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कहा कि कार चालक भास्करन इस हादसे में घायल हुआ है। चालक को झपकी आने के कारण यह दुर्घटना हुई।

## आपराधिक पुनरीक्षण मामला

# उच्च न्यायालय ने पनीरसेल्वम, रिश्तेदारों को नोटिस जारी करने का आदेश दिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को पूर्व मुख्यमंत्री और अन्नाद्रमुक के अपदस्थ नेता ओ पनीरसेल्वम और उनके रिश्तेदारों को दिसंबर 2012 में एक निचली अदालत द्वारा आय से अधिक संपत्ति के मामले में बरी किए जाने के बाद शुरू किए गए आपराधिक पुनरीक्षण मामले पर नोटिस जारी करने का आदेश दिया।

न्यायमूर्ति एन आनंद वेंकटेश ने पनीरसेल्वम, उनकी पत्नी और बेटे, उनके दो भाइयों और उनकी पत्नियों को 27 सितंबर को सुनवाई के लिए अदालत में उपस्थित रहने का भी निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति ने राज्य सरकार को भी नोटिस देने का आदेश दिया जिस पर उसे 27 सितंबर तक जवाब देना है।

अदालत ने लेखागार को इस आदेश की एक प्रति जानकारी के लिए मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखने का निर्देश दिया है।

## फसल बर्बाद होने पर किसान ने की आत्महत्या

**चिक्कमगलूरु।** राज्य के इस जिले में फसल बर्बादी से परेशान होकर एक किसान ने आत्महत्या कर ली। सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मृतक किसान की पहचान कदुर तालुक के गिरियापुरा निवासी सतीश (49) के रूप में हुई है।

पुलिस ने कहा कि सतीश ने अपनी दो एकड़ जमीन में प्याज की फसल उगाने के लिए पैसे उधार लिए थे। हालाँकि, मानसून की विफलता और सूखे जैसी स्थिति के कारण फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई। नुकसान को संभालने में असमर्थ सतीश ने अपने खेत में फांसी लगा ली। अज्जामपुरा पुलिस ने घटनास्थल का दौरा किया है और इस संबंध में मामला दर्ज किया है।

# मौत की सजा पर अंतिम फैसला सुप्रीम कोर्ट करे : पीएमके

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) के संस्थापक नेता डॉ. एस रामदास ने गुरुवार को मांग की कि केंद्र दया याचिका के संबंध में आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) में संशोधन के प्रस्ताव को वापस ले। रामदास ने गुरुवार को बयान में कहा कि केंद्र सरकार ने घोषणा की है कि दया याचिका पर राष्ट्रपति का फैसला अंतिम है। इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील नहीं की जा सकती। आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) में संशोधन किया गया है। इससे ग़लती से दोषी ठहराए गए और जीवन में सुधार की इच्छा रखने वाले दोषियों का अधिकार छीन जाएगा।

पीएमके नेता ने यह भी कहा कि ऐसे उदाहरण हो सकते हैं, जिनमें सुप्रीम कोर्ट ने मौत की सजा रद्द कर दी हो और नया संशोधन, उस अवसर को छीन लेगा। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रपति न केवल दया याचिकाओं पर फैसले में देरी करेंगे और कभी–कभी यह फैसला राजनीति से प्रेरित भी हो सकता है।

डॉ. रामदास ने यह भी कहा कि दुनिया के 150 देशों में मृत्युदंड समाप्त कर दिया गया है और वह चाहते हैं कि भारत भी मृत्युदंड समाप्त कर दे। वरिष्ठ नेता ने कहा, सीआरपीसी में संशोधन करने और मौत की सजा का अधिकार राष्ट्रपति को देने का सरकार का फैसला देश को पीछे ले जाएगा। उन्होंने केंद्र सरकार से मौत की याचिका के संबंध में सीआरपीसी में संशोधन करने के फैसले को छोड़ने का आह्वान किया और चाहते हैं कि मौत की सजा पर अंतिम निर्णय की शक्ति सुप्रीम कोर्ट के पास रहे।



## विधान परिषद के नये सदस्य के रूप में एमआर सीताराम सहित तीन ने ली शपथ

**बेंगलूरु।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री एम.आर. सीताराम, अभिनेत्री उमाश्री और पार्टी नेता एचपी सुदाम दास ने विधान परिषद के सदस्य के रूप में शपथ ली। विधान सौधा के बैंक्वेट हॉल में आयोजित समारोह में परिषद के अध्यक्ष बसवराज होराट्टी की उपस्थिति में नए सदस्यों ने शपथ ली। इस अवसर पर अध्यक्ष ने नये सदस्यों को परंपरा के अनुसार विधान परिषद की कार्यवाही पुस्तिका वाला सूटकेस देकर शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने नए सदस्यों को फूल देकर और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री एच.के. पाटिल, लघु सिंचाई, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री एन.एस. बोसराजू समेत कई विधायकों इस मौके पर उपस्थित थे। कार्यक्रम में एम.आर. सीताराम की पत्नी श्रुति सीताराम, बेटे युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एम.एस. रक्षा रामैया, उनकी पत्नी अशिता रक्षा रामैया और उनका पुत्र सुंदर राम उपस्थित थे।

# अमेरिकी पूर्व राष्ट्रपति ओबामा दिसंबर में मंड्या का दौरा करेंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बेंगलूरु।** भुटायी ट्रस्ट, हालेगेरे के अध्यक्ष और अमेरिकी चिकित्सक डॉ. लक्ष्मीनरसिम्हामूर्ति, एवं मंड्या जिले के प्रभारी मंत्री चेलुवरयास्वामी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को मुख्यमंत्री सिद्दरामैया से मुलाकात की और दिसंबर में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा की मंड्या यात्रा के संबंध में चर्चा की।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मंड्या के हालेगेरे में हेलीपैड और अन्य बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने सकारात्मक जवाब देते हुए शीघ्र ही अधिकारियों की बैठक बुलाने का आश्वासन दिया। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा और तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा दिसंबर महीने में मंड्या के हालेगेरे में ट्रस्ट द्वारा बनाए जा रहे अंतरराष्ट्रीय योग और ध्यान केंद्र की आधारशिला रखने पहुंचेंगे। इस संदर्भ में प्रतिनिधिमंडल ने सरकार से हालेगेरे में हेलीपैड, सड़क, नाली, बिजली, पेयजल आदि सुविधाएं उपलब्ध कराने का अनुरोध किया।

प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने सेंटर के कार्य की प्रकृति के बारे में बताया और कहा कि यह सेंटर न केवल हालेगेरे और मंड्या जिले के लिए बल्कि पूरे राज्य के लिए एक बड़ा योगदान होगा। उन्होंने ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों के बारे में भी बताया। मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने भुटायी ट्रस्ट के काम की सराहना करते हुए सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और संबंधित मुद्दों पर चर्चा के लिए अधिकारियों के साथ बैठक करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल विधान परिषद विधायक दिनेश गूलीगौड़ा, विधायक रविकुमार गनीगा, बाबू बंदिसिदे गौड़ा, एकेकेए कन्नड़ संगठन के पूर्व अध्यक्ष शिवमूर्ति किलारा आदि ने मुख्यमंत्री को कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी।

गौरतलब है कि अमेरिका के मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन के मेडिकल सलाहकार डॉ. विवेक मूर्ति भारतीय मूल के हैं। डॉ. विवेक मूर्ति पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा की चिकित्सा सलाहकार भी थीं। डॉ. विवेक मूर्ति के पिता एनआरआई डॉ. लक्ष्मीनरसिम्हा मूर्ति (एलएन मूर्ति) ने अपनी मातृभूमि का विकास करने की कसम खाई है। उनका गृहनगर मंड्या जिले में हालेगेरे है, जहां उनके पास 13 एकड़ विरासत में मिली जमीन है। उन्होंने भुटायी ट्रस्ट से लगभग 80 करोड़ रुपये की लागत से अंतर्राष्ट्रीय स्तर का योग और ध्यान केंद्र खोलने की योजना बनाई है और कड़ी मेहनत कर रहे हैं। मूर्ति परिवार ट्रस्ट के माध्यम से अनुकरणीय सामाजिक कार्य कर रहा है।

# एयर कमोडोर मनोज कुमार ने इक्विपमेंट डिपो बेंगलूरु की कमान संभाली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** एयर कमोडोर मनोज कुमार ने गुरूवार को एक भव्य समारोह में इक्विपमेंट डिपो बेंगलूरु की कमान संभाली। कमोडोर कुमार ने एयर कमोडोर राजेश भंडारी का स्थान ग्रहण किया।

श्री भंडारी को एयर वाइस मार्शल के पद पर पदोन्नत किया गया है। वह एक सितंबर को नयी दिल्ली में वायु सेना मुख्यालय में सहायक वायु सेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालेंगे। एयर कमोडोर मनोज कुमार को 17 दिसंबर 1988 को भारतीय वायु सेना की लॉजिस्टिक्स शाखा में नियुक्त किया गया था। उन्होंने कई प्रमुख फील्ड और स्टाफ नियुक्तियों पर काम किया है और एयर फोर्स स्टेशन नई दिल्ली में वरिष्ठ रसद अधिकारी रहे हैं।

उन्होंने एयर स्टोर्स पार्क और एयर फोर्स स्टेशन गुरुग्राम की कमान संभाली है। मनोज कुमार इस नियुक्ति से पहले एयर हेडक्वार्टर में एयर कमोडोर ऑप लॉजिस्टिक्स के पद पर कार्यरत थे।




## एशियाई खेलों की भारतीय हॉकी टीम में ललित की वापसी, आकाशदीप और कार्ति को जगह नहीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** अनुभवी ललित उपाध्याय ने चीन के हांगझोउ में होने वाले एशियाई खेलों के लिए भारत की 18 सदस्यीय पुरुष हॉकी टीम में वापसी की लेकिन स्ट्राइकर आकाशदीप सिंह और कार्ति सेलवम को टीम में जगह नहीं मिली। हॉकी इंडिया के चयनकर्ताओं ने इस महीने की शुरुआत में चेन्नई में एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी जीतने वाली टीम में शामिल तीन खिलाड़ियों आकाशदीप, कार्ति और डिफेंडर जुगराज सिंह को बाहर का रास्ता दिखाया।

ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह और मिडफील्डर हार्दिक सिंह एशियाई खेलों के लिए क्रमश: कप्तान और उप कप्तान की भूमिका निभाते रहेंगे। टीम में जुगराज की जगह संजय लेंगे जबकि आकाशदीप और कार्ति की जगह ललित और अभिषेक को टीम में शामिल किया गया है। टीम में पीआर श्रीजेश और कृष्ण बहादुकर पाठक के रूप में दो गोलकीपर शामिल हैं।

इस बीच गोलकीपर सविता पूनिया एशियाई खेलों में 18 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की अगुआई करेंगी। पिछले महीने जर्मनी और स्पेन दौरे पर टीम में शामिल अनुभवी सुशीला चानू, बलजीत कौर और ज्योति छतरी को टीम में जगह नहीं मिली है। एशियाई खेलों की टीमों के लिए यहां हॉकी इंडिया द्वारा आयोजित विदाई समारोह के दौरान टीमों की आधिकारिक घोषणा की गई।

पुरुषों की 12 टीमों की प्रतियोगिता में भारत को पूल ए में एशियाई खेलों के मौजूदा चैंपियन जापान, चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान, बांग्लादेश, सिंगापुर और उज्बेकिस्तान के साथ रखा गया है जबकि पूल बी में कोरिया, मलेशिया, चीन, ओमान, थाईलैंड और इंडोनेशिया हैं।

जकार्ता में 2018 एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाली भारतीय महिला टीम को कोरिया, मलेशिया, हांगकांग और सिंगापुर के साथ पूल ए में रखा गया है जबकि मौजूदा चैंपियन जापान, मेजबान चीन, थाईलैंड, कजाखस्तान और इंडोनेशिया पूल बी में हैं। भारतीय पुरुष टीम अपने अभियान की शुरुआत 24 सितंबर को उज्बेकिस्तान के खिलाफ करेगी जबकि महिला टीम 27 सितंबर को अपने शुरुआती मैच में सिंगापुर से भिड़ेंगी।

# कावेरी नदी का जल छोड़े जाने पर कर्नाटक में प्रदर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**बेंगलूरु।** कर्नाटक ने कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण (सीडब्ल्यूएमए) के निर्देशों के अनुरूप तमिलनाडु को कावेरी का जल देना शुरू कर दिया है जिसके बाद राज्य के दक्षिणी हिस्सों में प्रदर्शन शुरू हो गये हैं। सरकार के कदम के खिलाफ मैसुरु, मांड्या और चामराजनगर में अनेक किसान संगठनों ने प्रदर्शन किया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्य की कांग्रेस सरकार पर कर्नाटक के हितों को बचाने के लिए कुछ नहीं करने का आरोप लगाया।

भाजपा ने राज्य सरकार पर द्रमुक नीत तमिलनाडु सरकार के खिलाफ भी कानूनी लड़ाई उचित तरीके से नहीं लड़ने का आरोप लगाते हुए कहा कि द्रमुक विपक्षी गठबंधन इंडिया' में प्रमुख सहयोगी दल है जिसमें कांग्रेस भी सक्रियता से शामिल है। सीडब्ल्यूएमए ने 28 अगस्त को कर्नाटक को निर्देश दिया था कि 12 सितंबर तक प्रतिदिन 5,000 क्यूसेक पानी तमिलनाडु के बिलिगुंडलू तक पहुंचे। इसके बाद कर्नाटक सरकार ने बुधवार से 5,000 क्यूसेक (घन फुट प्रति सैकंड़) पानी छोड़ना शुरू कर दिया। इससे पहले सीडब्ल्यूएमए ने कर्नाटक को 15 दिन तक रोजाना 10,000 क्यूसेक पानी छोड़ने का आदेश दिया था। कर्नाटक ने शुरूआत में कुछ दिन तक पानी छोड़ने के बाद प्राधिकरण के आदेश के खिलाफ अपील की और कहा कि कावेरी के जलग्रहण क्षेत्रों में अपर्याप्त बारिश हुई है। प्राधिकरण ने कर्नाटक का पक्ष सुनने के बाद सरकार को रोजाना 5,000 क्यूसेक पानी कर्नाटक और तमिलनाडु की सीमा पर स्थित बिलिगुंडलू तक पहुंचाने का निर्देश दिया। कर्नाटक के किसानों ने, खासतौर पर कावेरी और काबिनी नदी के आसपास के जिलों तथा मैसुरु के कृष्णराजा बांध के आसपास के क्षेत्रों के कृषकों ने बृहस्पतिवार से प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। मंड्या के किसानों ने कांग्रेस सरकार, मुख्यमंत्री सिद्दरामैया और उप मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के खिलाफ नारे लगाते हुए मार्च निकाला। श्रीरंगपटना में किसानों ने कमीज उतारकर कावेरी नदी में खड़े होकर प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकार के खिलाफ नारे लगाये। चामराजनगर जिले में भी इसी तरह का प्रदर्शन हुआ।

तमिलनाडु को पानी छोड़े जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येडीयुरप्पा ने पूछा कि जब पड़ोसी राज्य में पानी का कोई संकट नहीं है तो वह कर्नाटक पर दबाव क्यों बना रहा है। उन्होंने कहा, आज हमारे सामने पानी का संकट है और केआरएस बांध खाली हो रहा है। ऐसी स्थिति में तमिलनाडु को पानी देना संभव नहीं है। तमिलनाडु के पास पर्याप्त पानी है। मुझे नहीं पता कि वे हम पर दबाव क्यों बना रहे हैं। हम सरकार के रुख का समर्थन करेंगे।

कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने मांग की है कि राज्य सरकार तमिलनाडु को कावेरी नदी का पानी देने पर तुरंत रोक लगाये और इस मामले में उच्चतम न्यायालय में अपील दायर कर कानूनी लड़ाई लड़े। भाजपा नेता ने राज्य की कांग्रेस सरकार पर कर्नाटक में किसानों के हितों और लोगों की पेयजल जरूरतों की रक्षा करने में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया, सरकार शुरू से ही कावेरी मुद्दे पर लड़खड़ाती रही है। कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण (सीडब्ल्यूएमए) के निर्देशानुसार पहले ही रोजाना 10 हजार क्यूसेक पानी छोड़ते हुए करीब 15 टीएमसी पानी छोड़ा जा चुका है, लेकिन इसके खिलाफ कोई कानूनी कदम नहीं उठाया गया।

बोम्मई ने आश्चर्य जताया कि जल संसाधन विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार का अब कानूनी विशेषज्ञों के साथ चर्चा करने का क्या मतलब है, जबकि सरकार ने पहले ही सीडब्ल्यूएमए के निर्देश पर प्रतिदिन 5,000 क्यूसेक पानी छोड़ना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले आदेश के खिलाफ पहले ही उच्चतम न्यायालय में अपील दायर की जानी चाहिए थी, जो अभी तक नहीं की गई है। उन्होंने कहा, 'मैं मांग करता हूं कि पानी छोड़ना तुरंत बंद किया जाना चाहिए और उच्चतम न्यायालय में अपील दायर की जानी चाहिए और मजबूती से कानूनी लड़ाई शुरू की जानी चाहिए। कांग्रेस सरकार कर्नाटक राज्य की पेयजल आवश्यकताओं और किसानों के हितों की रक्षा करने में विफल रही है।' इस बीच उप मुख्यमंत्री शिवकुमार ने अपने कानूनी दल के साथ और कावेरी मुद्दे को देख रहे राज्य के अधिकारियों के साथ नयी दिल्ली स्थित कर्नाटक भवन में बैठक की।



## जैसलमेर में युद्धाभ्यास

# स्वदेशी अर्जुन टैंक की दहाड़ से थर्राया पाक बॉर्डर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

पोकरण। पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय सेना का फायर पावर डेमोस्ट्रेशन देखकर ब्राजील की सेना के कमांडर जनरल टॉमस मिगुएल माइन रिबेरो चकित रह गए। उन्होंने भारत में बने हथियारों की प्रशंसा की। इस दौरान सेना की डेजर्ट कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल मोहित मल्होत्रा ने उनका स्वागत किया और हथियारों के प्रदर्शन को लेकर जानकारी दी।

करीब 40 मिनट के फायर पावर डेमोस्ट्रेशन में आकाश मिसाइल ने सफल निशाना साधा। इसमें अर्जुन टैंक ने अपनी ताकत दिखाते हुए दुश्मन के ठिकानों को नेस्तनाबूद किया।

इसके साथ ही देश में ही बने सारथ इचझ गन टैंक का भी सफल परीक्षण किया। इस दौरान –डक हेलीकॉप्टर ध्रुव ने मिसाइल फायर कर दुश्मन के ठिकानों को ध्वस्त किया। भारतीय सेना ने अपने स्वदेशी हथियारों ब्राजील के कमांडर को अपनी ताकत से रूबरू करवाया। ब्राजीलियाई सेना के कमांडर जनरल टॉमस मिगुएल माइन रिबेरो पाइवा 28 अगस्त से भारत की पांच दिवसीय यात्रा पर हैं। ब्राजीलियाई सेना के कमांडर ने जैसलमेर की पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय सेना का पराक्रम देखा।

पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज पहुंचने पर जनरल ऑफिसर का स्वागत डेजर्ट कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल मोहित मल्होत्रा ने किया। भारतीय सेना ने ब्राजील की सेना के कमांडर को अपनी ताकत और क्षमता के साथ युद्ध कौशल और अपने देश में ही बनाए गए स्वदेशी हथियारों से रूबरू करवाया।

# राजस्थान में दलित युवकों की हत्या के मामले में जांच के लिए भाजपा ने सांसदों की समिति बनाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने राजस्थान के कुचामन में पिछले दिनों वाहन से कुचल कर दो दलित युवकों की हत्या किए जाने से जुड़े मामले की जांच के लिए सांसदों की एक चार सदस्यीय समिति का गठन किया है। पार्टी की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया कि यह समिति घटना स्थल का दौरा करेगी और अपनी रिपोर्ट नड्डा को सौंपेगी। इस समिति की अगुवाई राज्यसभा सदस्य व उत्तर प्रदेश के पूर्व पुलिस प्रमुख बृजलाल करेंगे। इसके सदस्यों में कांता कर्दम (राज्यसभा), रंजीता कोली (लोकसभा) और सिकंदर कुमार (राज्यसभा) शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि सोमवार रात कुचामन के राणासर गांव के पास एक गाड़ी से कुचलकर दो युवकों की हत्या कर दी गई थी। बाइक पर तीन युवक सवार थे और बाइक को वाहन से कई बार टक्कर मारी गई जिससे दो युवकों की मौत हो गई तथा एक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का जयपुर में इलाज किया जा रहा है। विज्ञप्ति के अनुसार नड्डा ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा, ''राज्य में ऐसी जघन्य हत्याएं, दलित उत्पीड़न, महिलाओं पर दिन–प्रतिदिन बढ़ रहे अत्याचार एवं जंगलराज चरम पर है तथा कानून–व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है।'' राजस्थान पुलिस ने इस मामले में तीन संदिग्धों को पकड़ा है।

पीड़ित परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया है कि तीनों युवक रात के खाने के लिए एक होटल में रुके थे, जहां उनका कुछ लोगों के साथ विवाद हो गया। बाद में इन लोगों ने अपनी कार से बाइक को टक्कर मारी। परिजनों की शिकायत के बाद कुचामन थाने में हत्या का मामला दर्ज किया गया है। राजस्थान में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं।

# युवकों की हत्या के मामले में परिजनों और स्थानीय लोगो का तीसरे दिन भी धरना जारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के कुचामन जिले में कथित रूप से वाहन से टक्कर मारकर दो युवकों की कर दी गयी हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी तथा मुआवजा संबंधी मांगों को लेकर उनके (युवकों के) परिजनों एवं स्थानीय लोगों का धरना बृहस्पतिवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। पुलिस के अनुसार कुचामन थाने के बाहर परिजनों और स्थानीय लोगों का धरना आज तीसरे दिन भी जारी है। पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी परिजनों को समझाने–बुझाने का प्रयास कर रहे है।

पुलिस ने बताया कि दोनों मृतक युवकों के शव अस्पताल के मुर्दाघर में रखे हुए हैं। इस बीच, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के विधायक नारायण बेनीवाल और विधानसभा में प्रतिपक्ष के (भाजपा के) नेता राजेन्द्र राठौड धरना स्थल पहुंचे और पीड़ित परिवार से मिलकर उनको ढांढस दिया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए राज्य सरकार पर निशाना साधा और कहा कि राज्य में ऐसी जघन्य हत्याएं , दलित उत्पीडन, महिलाओं पर दिन प्रतिदिन बढ रहे अत्याचार एवं जंगलराज चरम पर है तथा कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। उन्होंने घटना की जांच के लिये पार्टी के सासदों की एक समिति का गठन किया है जो घटना स्थल का दौरा करेगी और अपनी रिपोर्ट उन्हें सौंपेगी।

राष्ट्रीय महासचिव अरूण सिंह की ओर से जारी एक बयान के अनुसार इस समिति में राज्यसभा सदस्य और उत्तर प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक बृजलाल, कांता कर्दम, डॉ सिकंदर कुमार और लोकसभा सांसद रंजीता कोली को शामिल किया गया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार राज्य सरकार ने कुचामन में दो दलित युवकों की हत्या को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभावी कार्रवाई कर आरोपियों को पकड़ने के निर्देश दिए हैं। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उमेश मिश्रा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एडीजी–क्राइम) दिनेश एमएन कुचामन गए हैं। इसके अनुसार तीन संदिग्धों को पकड़ा गया है । सोमवार रात कुचामन के राणासर गांव के पास एक गाड़ी से कुचलकर दो युवकों की हत्या कर दी गई थी। ये युवक बाइक पर सवार थे और बाइक को वाहन से कई बार टक्कर मारी गई जिसमें दो युवकों की मौत हो गई एवं एक घायल हो गया।

पुलिस के अनुसार घटना में परबतसर के बिदियाद गांव के निवासी राजू और चुन्नीलाल की मौके पर मौत एवं एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसका जयपुर में इलाज चल रहा है। रेंज की पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) लता मनोज कुमार सहित आला अधिकारी घटनास्थल पर हैं और पुलिस आरोपियों की तलाश के लिए पूरे क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। परिजनों की शिकायत के बाद कुचामन थाने में हत्या का मामला दर्ज किया गया है। इससे पहले कुचामन के थानाधिकारी सुरेश कुमार ने बताया था कि प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला लग रहा है। परिवार के सदस्यों की शिकायत के बाद हमने हत्या का मामला भी दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है। घटना सोमवार देर रात कुचामन जिले के राणासर गांव में हुई जब राजू राम, चुन्नी लाल और किशना राम मेला देखकर लौट रहे थे, तभी एक चौपहिया वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस घटना में राजू राम और चुन्नी लाल की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक किशना राम का जयपुर के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# भाजपा की परिवर्तन यात्रा से पहले वसुंधरा राजे आज एक दिवसीय धार्मिक यात्रा पर जाएंगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




जयपुर। राजस्थान में सामूहिक नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की परिवर्तन यात्राओं की शुरुआत से एक दिन पहले पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे शुक्रवार को राज्य के तीन मंदिरों की एक दिवसीय 'धार्मिक यात्रा' पर जायेंगी। राजे इससे पहले राज्य में चुनावी यात्राओं का नेतृत्व कर चुकी हैं जो राजसमंद के चारभुजा नाथ मंदिर से शुरू हुई थीं, लेकिन इस बार, भाजपा ने सामूहिक नेतृत्व में 'परिवर्तन यात्रा' नाम से चार यात्राएं निकालने का फैसला किया है और प्रत्येक यात्रा की शुरुआत एक केंद्रीय नेता द्वारा की जाएगी।

पिछले चुनावों में जब उन्होंने यात्रा का नेतृत्व किया था तो वह (वसुंधरा राजे) मुख्यमंत्री का चेहरा थीं, लेकिन इस बार पार्टी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर लड़ा जाएगा इसलिए, इस बार कोई चेहरा पेश नहीं किया गया है। इस बार पार्टी ने एक की बजाय चार परिवर्तन यात्रा निकालने का फैसला किया है। सामूहिक नेतृत्व के तहत पार्टी सभी नेताओं को शामिल कर चार परिवर्तन यात्राएं निकाल रही है। पहली परिवर्तन यात्रा से पहले, जिसे पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा शनिवार को सवाई माधोपुर के रणथंभौर में त्रिनेत्र गणेश मंदिर से शुरू करेंगे, राजे शुक्रवार को चारभुजा नाथ मंदिर, श्रीनाथजी मंदिर (दोनों राजसमंद में) और बांसवाड़ा में त्रिपुरा सुंदरी मंदिर जायेंगी। राजे के एक करीबी नेता ने कहा कि यह उनकी निजी यात्रा है और वह हमेशा ऐसी यात्राओं की शुरुआत से पहले मंदिरों में पूजा अर्चना और दर्शन के लिये जाती हैं। सूत्रों के अनुसार राजे शुक्रवार सुबह साढ़े नौ बजे राजसमंद के चारभुजा नाथ मंदिर पहुंचेंगी और वहां पूजा–अर्चना करेंगी। चारभुजानाथ मंदिर में पूजा–अर्चना के बाद राजे राजसमंद के नाथद्वारा के लिए रवाना होंगी जहां वह पूर्वाह्न सवा 11 बजे श्रीनाथजी के दर्शन करेंगी।

इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री दोपहर सवा एक बजे बांसवाड़ा जिले के त्रिपुरा सुंदरी मंदिर भी जाएंगी। राजे त्रिपुरा सुंदरी में प्रगाढ़ श्रद्धा रखती हैं। राजे हेलीकॉप्टर में यात्रा करेंगी। बांसवाड़ा से वह कोटा जाएंगी और पूर्व भाजपा विधायक प्रहलाद गुंजल के भाई को श्रद्धांजलि देंगी जिनका हाल ही में निधन हो गया था। वह शाम को जयपुर लौटेंगी। शनिवार को पहली परिवर्तन यात्रा की शुरुआत भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा करेंगे। परिवर्तन यात्राएं सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों से गुजरेंगी, जिसके तहत पार्टी के लिए वोट मांगने के लिए किसान चौपाल, मोटरसाइकिल रैलियां, महिलाओं की बैठक, दलित चौपाल का आयोजन किया जाएगा। यात्रा में पार्टी के केंद्रीय और प्रदेश नेता रैलियों को संबोधित करेंगे। दूसरी यात्रा तीन सितंबर को डूंगरपुर के बेणेश्वर धाम से शुरू होगी जिसकी शुरुआत गृह मंत्री अमित शाह करेंगे। यह यात्रा 19 दिनों में उदयपुर और कोटा संभागों और भीलवाड़ा जिले के 52 निर्वाचन क्षेत्रों से गुजरेगी। तीसरी यात्रा चार सितंबर को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा जैसलमेर के रामदेवरा से शुरू की जाएगी। अठारह दिनों की यात्रा जोधपुर संभाग, अजमेर और नागौर जिलों के 51 निर्वाचन क्षेत्रों से गुजरेगी।

# गहलोत सरकार से स्मार्ट फोन लिया, दादी बोलीं- वोट तो मोदी को दूंगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। राजस्थान में विधानसभा चुनाव की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। कांग्रेस और भाजपा समेत अन्य राजनैतिक पार्टियां चुनाव जीतने के लिए रणनीति बना रहीं हैं। सत्ता में बैठी कांग्रेस सरकार ने लोगों को अपने पाले में करने के लिए कई योजनाएं शुरू की है। चुनाव से कुछ महीने पहले शुरू की गई गहलोत सरकार की फ्री स्मार्टफोन योजना काफी अहम मानी जा रही है। लेकिन, सोशल मीडिया पर वायरल हो रही राजस्थान की एक बूढ़ी दादी के वीडियो ने सरकार की इस योजना पर पानी फेर दिया है। वीडियो में गहलोत सरकार से फ्री स्मार्ट फोन लेने वाली बूढ़ी दादी मोदी को वोट देने की बात कर रही हैं। वायरल वीडियो में गहलोत सरकार की ओर से मिले मोबाइल के साथ बैठी बूढ़ी दादी से युवक ने पूछा कि आपको गहलोत सरकार ने फोन दिया है, ये कैसा है? राजस्थानी भाषा में दादी ने इसे चोखो यानी अच्छा बताया। फिर युवक ने पूछा कि अब आप वोट किसे देंगी, इसके जवाब में बूढ़ी दादी ने कहा कि वोट तो मोदी को दूंगी। इस पर युवक ने कहा कि गहलोत सरकार ने फोन दिया है और वोट मोदी को दोगी? इस पर उन्होंने कहा कि फोन पाछी ले जा, यानि फोन वापस ले जाए गहलोत।

विधानसभा चुनाव से पहले शुरू की गई फ्री स्मार्ट योजना गहलोत सरकार के लिए काफी अहम मानी जा रही है। सरकार इस योजना पर करीब 1200 करोड़ रुपए खर्च कर रही है। माना जा रहा था कि चुनाव में गहलोत सरकार को इस योजना का लाभ मिल सकता है। हालांकि, वायरल वीडियो में दादी की बातें इस योजना पर पानी फेर रही हैं।

# न्यायपालिका में भ्रष्टाचार बढ़ रहा है, जो बहुत चिंता की बात : अशोक गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर, । राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को कहा कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार बढ़ रहा है, जो बहुत चिंता की बात है।गहलोत ने यहां मीडियाकर्मियों से कहा, आज न्यायपालिका में बहुत भ्रष्टाचार हो रहा है। कई वकील जो लिखकर देते हैं, वही फैसला आता है। न्यायपालिका के अंदर क्या हो रहा है? स्थिति गंभीर है और देशवासियों को इस बारे में सोचना चाहिए।उन्होंने कहा, मैंने कई नामों की सिफारिश भी की है, जो जज बन गए, लेकिन मैंने बाद में उनसे संपर्क नहीं किया। मैंने न्यायपालिका, आरपीएससी (राजस्थान लोक सेवा आयोग), या एसीबी (एंटी करप्शन ब्यूरो) में कभी हस्तक्षेप नहीं किया। मैंने अपने जीवन में इन संस्थानों के मामलों में कभी भी हस्तक्षेप नहीं किया है।

मुख्यमंत्री ने भाजपा विधायक कैलाश मेघवाल द्वारा केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल पर लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों को भी सच बताया।हाल ही में राजस्थान विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष कैलाश मेघवाल ने अपनी ही पार्टी के नेता और केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल को 'भ्रष्टाचारी नंबर 1' कहा था।गहलोत ने कहा, मुझे पता चला है कि उनके (अर्जुन राम मेघवाल के) समय में बहुत भ्रष्टाचार हुआ था। लेकिन मामले को दबा दिया गया। इन लोगों ने हाईकोर्ट से स्टे ले लिया है।उन्होंने कहा, आरएसएस अपने चरित्र और चेहरे के बारे में बात करता था। लोग सोचते थे कि आरएसएस एक अलग तरह का संगठन है,, लेकिन आज उसका चरित्र और चेहरा सबके सामने। है।गहलोत ने यह भी कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार ने हिंदुओं के लिए जो किया है, वह कोई नहीं कर सकता।उन्होंने कहा, हम गायों के लिए 3,000 करोड़ रुपये खर्च कर रहे हैं। गांठ वाली बीमारी से मरने वाली गाय के लिए 40,000 रुपये दिए जा रहे हैं। देश में ऐसी पहल किसने की है? हम कामधेनु योजना भी ला रहे हैं। हम मंदिर बना रहे हैं। 100 करोड़ रुपये की लागत से गोविंद देव जी का मंदिर बनाया जा रहा है।

गहलोत ने कहा, हम एक वैदिक विद्यालय भी बना रहे हैं। हमने राज्य में पहला संस्कृत विश्वविद्यालय बनाया है। भाजपा हिंदुत्व की बात करती है, लेकिन अब उसकी पोल खुल रही है।

# रामदेवरा पैदल जा रहे श्रद्धालुओं को कार ने मारी टक्कर, दो की मौके पर मौत

बाड़मेर। बाड़मेर के चौहटन रोड स्थित कुर्जा फाटा के पास हादसा हुआ है। हादसे के बाद कार चालक कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद सदर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों शवों को राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। हादसे के बाद कार चालक कार को मौके पर ही छोड़कर घटनास्थल से फरार हो गया, जिसके बाद राह चल रहे लोगों ने घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया।

जहां पर उसका इलाज चल रहा है। घटना के बाद मौके पर पहुंची सदर थाना पुलिस ने स्विफ्ट कार को जब्त कर लिया है। परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई कर शवों का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द किए जायेंगे। जानकारी के अनुसार, बाड़मेर जिले के सेड़वा उपखंड क्षेत्र के हरपालिया गांव से पैदल यात्रियों का जत्था रामदेवरा जा रहा था।




# सुदृढ़ राजस्थान के विजन को साकार करने के लिए व्यापारिक संगठनों ने दिए सुझाव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री राजस्थान आर्थिक सुधार सलाहकार परिषद के नेतृत्व में राजस्थान मिशन 2030 दस्तावेज को तैयार करने के क्रम में वाणिज्यिक कर विभाग के जयपुर स्थित चारों सम्भागों के हितधारकों से बैठक कर परामर्श लिया गया हैं। झालाना संभागीय कार्यालय में आयोजित परामर्श शिविर में जयपुर के विभागीय चारों संभागों के प्रमुख औद्योगिक संगठनों, व्यापारिक संगठनों, प्रख्यात उद्यमियों, चार्टड अकाउण्टेंटस, कर सलाहकारों एवं व्यापार यूनियन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राज्य को वर्ष 2030 तक देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए कर संग्रहण एवं वितरण के मानकों के निर्धारण एवं इन मानकों को प्राप्त करने हेतु समयबद्ध कार्य योजना तैयार किए जाने के लिए सभी आगन्तुकों के साथ विचार विमर्श किया गया। विचार–विमर्श में कर व्यवस्था को आधुनिक तकनीक के साथ और अधिक सुदृढ़ बनाने एवं संग्रहण को पारदर्शी एवं समयबद्ध करने के लिए हितधारकों से परामर्श कर विजन–2030 के लिए संकलित किया गया। गौरतलब है कि विजन–2030 दस्तावेज में प्रदेश के प्रबुद्धजनों, विषय विशेषज्ञों, हितधारकों, युवाओं एवं समाज के सभी वर्गों के सुझावों एवं प्रदेशवासियों की आकांक्षाओं एवं अपेक्षाओं को सम्मिलित किये जाने के उद्देश्य से राज्य में राजस्थान मिशन–2030 अभियान गत 15 अगस्त से आगामी 30 सितम्बरकी अवधि में संचालित किया जा रहा हैं।



## संकल्प यात्रा

जयपुर में गुरुवार को 2 सितंबर से शुरू होने वाले परिवर्तन संकल्प यात्रा की तैयारी के लिए भाजपा राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह एवं प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने यात्रा के विभिन्न विभागों के कार्यों की विवेचना की एवं आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

# चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक दलों में आरोप-प्रत्यारोप का दौर हुआ तेज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर प्रदेश में सत्तारूढ़ कांग्रेस एवं मुख्य विपक्ष भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सहित विभिन्न दलों ने कमर कस ली है तथा बयानबाजी बढ़ने से एक दूसरे पर आरोप–प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया और इनमें अपने को जनता के सामने बेहतर साबित करने एवं युवाओं को लुभाने की होड़ मची है। चुनाव में अब बहुत कम समय बचा है और राजनीतिक दलों ने चुनाव को लेकर अपनी तैयारियां शुरु कर दी है जिसमें उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया सहित विभिन्न चुनावी गतिविधियों के दौर शुरु हो गए है वहीं प्रमुख राजनीतिक दलों में कांग्रेस के नेता अपनी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों का बखान कर रहे है और केन्द्र सरकार की कमियों को जनता के बीच गिनाने में लगे है। इसी तरह भाजपा के नेता जिनमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा सहित कई वरिष्ठ नेता राजस्थान का दौरा कर चुके है और प्रदेश की कांग्रेस सरकार को भ्रष्टाचार, बिगड़ती कानून व्यवस्था, पेपर लीक सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर उसे घेरने का प्रयास कर रहे हैं वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी प्रदेश का दौरा कर केन्द्र सरकार पर उसकी गलत नीतियों के कारण देश में हालात खराब होने का आरोप लगा चुके है और गहलोत हर मौके पर केन्द्र सरकार पर निशाना साधते हुए उसके शासन में सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग एवं देश में हालात बड़े गंभीर होने के आरोप लगा रहे है। साथ ही वह केन्द्र सरकार से राजस्थान की जनहितकारी योजनाओं को देश भर में लागू करने की मांग भी कर रहे है।

# उप्र सरकार की योजनाओं को जरूरतमंदों तक पहुंचाने में सहयोग करें प्रबुद्धजन : आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बलरामपुर (उप्र)/भाषा।** रक्षाबंधन के अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां देवीपाटन मंदिर में पूजा-अर्चना और जिले के बुद्धिजीवियों से राज्य सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार में सहयोग की अपील की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रबुद्धजन सरकार की योजनाओं को जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि शासन स्तर पर जो भी योजनाएं चलाई जा रही हैं, उनसे ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ा जाए।

उन्होंने डाक्टरों, प्रोफेसरों एवं अन्य प्रबुद्धजनों से अपनी योग्यता का लाभ आमजन तक पहुंचाने का आह्वान करते हुए कहा कि वे जिस भी क्षेत्र के विशेषज्ञ हैं, उसका लाभ आमजन तक अवश्य पहुंचाएं तथा साथ ही सरकार की योजनाओं के विषय में लोगों को जागरूक करें। उन्होंने डाक्टरों से संवाद करते हुए कहा कि वे निजी प्रैक्टिस करते हुए भी जन कल्याण का कार्य करते रहें, जरूरतमंदों की मदद करें। उन्होंने कहा कि जिस किसी को भी इलाज में सरकारी योजना का लाभ दिलाने की आवश्यकता हो, वे उसके लिए प्रयास करें।



मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन की ओर से जन आरोग्य, आयुष्मान समेत तमाम योजनाएं संचालित हो रही हैं, इनका लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने में आप अहम कड़ी साबित हो सकते हैं।

स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से भी मुख्यमंत्री ने अपील की कि वे न सिर्फ सरकार की योजनाओं का प्रचार करें, बल्कि अन्य लोगों को भी जोड़ें।

एक बयान के अनुसार इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुबह बलरामपुर के देवीपाटन मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की। उन्होंने मंदिर में देवी की आराधना की। इस दौरान उन्होंने रुद्राभिषेक में भी भाग लिया।

## त्रिपुरा में क्षेत्रीय दलों के पनपने के लिए माकपा जिम्मेदार: बिप्लब कुमार देब



**अगरतला/भाषा।** पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य बिप्लब कुमार देब ने त्रिपुरा में क्षेत्रीय दलों के पनपने के लिए पूर्वोत्तर के इस राज्य में लंबे समय तक शासन करने वाली मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) को जिम्मेदार ठहराया है। सिपाहीजला जिले की धनपुर विधानसभा सीट पर पांच सितंबर को उपचुनाव के तहत होने वाले मतदान से पहले देब ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार के पक्ष में आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही।

देब ने कहा, लंबे समय तक माकपा द्वारा किए गए शोषण और उत्पीड़न के कारण ही त्रिपुरा उपजाति जुबा समिति (टीयूजेएस), इंडिजिनस नेशनलिस्ट पार्टी ऑफ ट्वीप्रा (आईएनपीटी) और इंडिजिनस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (आईपीएफटी) जैसे क्षेत्रीय दल बने। वे मानते है कि स्थानीय मतदाता उनके सुरक्षित वोट बैंक हैं, लेकिन आजकल स्थिति पूरी तरह से बदल गई है।



## आईटीबीपी के जवानों ने सीमावर्ती गांवों के नागरिकों के साथ 'रक्षाबंधन' मनाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) ने केंद्र सरकार के 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम' (वीवीपी) के तहत सीमावर्ती गांव के लोगों से जुड़ने के लिए विशाल पैमाने पर 'रक्षाबंधन' कार्यक्रम का आयोजन किया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

आईटीबीपी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इन क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं और लड़कियों ने बुधवार और बृहस्पतिवार को त्योहार मनाने के लिए लद्दाख, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के अग्रिम इलाकों में तैनात जवानों की कलाई पर राखी बांधी। लगभग 90 हजार जवानों के मजबूत बल को मुख्य रूप से 3,488 किलोमीटर लंबी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) की रक्षा करने का काम सौंपा गया है। एलएसी देश के उत्तरी और पूर्वी हिस्से में उपरोक्त राज्यों से होकर गुजरती है। कार्यक्रम की तस्वीरों में वर्दी पहने आईटीबीपी जवान स्थानीय महिलाओं के साथ मिठाई और शुभकामनाओं का आदान प्रदान करते दिख रहे हैं। सुरक्षा बल के दिल्ली स्थित मुख्यालय की ओर से सभी सीमा इकाइयों और पोस्ट को वीवीपी के तहत रक्षाबंधन पर्व के मद्देनजर कार्यक्रम आयोजित करने के लिए व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया था।



## शतरंज की युवा सनसनी प्रज्ञानानंदा ने की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात

**नई दिल्ली/भाषा।** शतरंज खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंदा ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रज्ञानानंदा ने हाल में फिडे विश्व कप में रजत पदक जीतकर इतिहास रचा था। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, आज 7, एलकेएम में बहुत विशेष मेहमान आए। आपके साथ आपके परिवार से भी मिलकर खुशी हुई आर प्रज्ञानानंदा। आप जुनून और दृढ़ता का प्रतिनिधित्व करते हैं। आपका उदाहरण दिखाता है कि भारत के युवा किसी भी क्षेत्र में कैसे जीत सकते हैं। आप पर गर्व है। प्रज्ञानानंदा ने इससे पहले 'एक्स' पर कहा था, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके आवास पर मिलना बहुत सम्मान की बात है! मुझे और मेरे माता-पिता को प्रोत्साहन देने के लिए धन्यवाद सर।

## विपक्षी नेता अपने गठबंधन 'इंडिया' के नाम के भरोसे, यही उनका एकमात्र सहारा : राजनाथ सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पुणे/भाषा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष के नेता केवल अपने गठबंधन के नाम पर भरोसा कर रहे हैं क्योंकि यही उनके लिए एकमात्र सहारा बचा है। उन्होंने विपक्षी गठबंधन के बारे में 'नाम बड़े और दर्शन छोटे' वाली कहावत का भी जिक्र किया।

इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) की दो दिवसीय बैठक बृहस्पतिवार को मुंबई में शुरू हुई। बैठक के दौरान 2024 के लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से मुकाबला करने की रणनीति और रूपरेखा पर विचार-विमर्श होने की उम्मीद है। सिंह ने कहा कि भारत अब शक्तिशाली हो गया है और वैश्विक स्तर पर अब कोई भी इसे कमजोर राष्ट्र नहीं मानता। उन्होंने कहा कि विश्व स्तर पर भारत का कद पहले की तुलना में काफी बढ़ गया है और वह जो बोलता है दुनिया उसे ध्यान से सुनती है, ऐसा पहले नहीं होता था। सिंह ने महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के प्रवरनगर में सहकारी आंदोलन के प्रणेता डॉ. विट्ठलराव विखे पाटिल की जयंती पर आयोजित एक कार्यक्रम में ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने 'इंडिया' नामक एक नया समूह बनाया है। उन्होंने कहा, यह एक गजब नाम है...इंडिया। मुझे पता चला कि आज उनकी बैठक हो रही है, लेकिन जैसा कि सभी जानते हैं, यह 'नाम बड़े और दर्शन छोटे' के अलावा कुछ नहीं है। इन लोगों के लिए, नाम ही एकमात्र सहारा है। वे इस नाम का उपयोग करके अपनी नैय्या पार लगाना चाहते हैं। सिंह ने कहा, लेकिन सिर्फ इस नाम के इस्तेमाल से नदी को पार नहीं किया जा सकता... अकेले नाम के इस्तेमाल से भंवर को पार नहीं किया जा सकता, इसके लिए कर्म की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि आज का भारत पहले जैसा नहीं रहा।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, हमारा भारत अब वैसा नहीं है जैसा पहले हुआ करता था जब देश के नेता विभिन्न वैश्विक मंचों पर जाते थे और बोलते थे लेकिन दुनिया कभी भी उन्हें गंभीरता से नहीं सुनती थी। अन्य देश सोचते थे कि 'यह भारत है, कमजोर राष्ट्र' और हम इसे क्यों सुनें।

## अखिलेश का भाजपा पर तंज : जो 2014 में आए थे, वह 2024 में चले जाएंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर जनता को धोखा देने का आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को दावा किया कि वर्ष 2024 में उसकी सत्ता से विदाई हो जाएगी।

यादव ने विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की बैठक में शिरकत के लिए मुंबई जाने से पहले यहां संवाददाताओं से कहा, मुझे खुशी है कि 'इंडिया' गठबंधन की बैठकें लगातार हो रही हैं। पूरे देश की जनता को भरोसा है कि यह गठबंधन तैयार होगा और भाजपा देश की सत्ता से बाहर हो जाएगी। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री यादव ने कहा, अगले लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की महत्वपूर्ण भूमिका है क्योंकि इस राज्य से 80 सांसद चुने जाते हैं। जिन लोगों ने जनता को धोखा दिया है, उन्हें वह वर्ष 2024 में सत्ता से बाहर करेगी। जो 2014 में आए थे, वह 2024 में चले जाएंगे। गौरतलब है कि 'इंडिया' के घटक दलों के नेताओं की दो दिवसीय बैठक बृहस्पतिवार को हो रही है। इसमें इस मोर्चे के पदाधिकारियों एवं समन्वय समिति, साझा न्यूनतम कार्यक्रम और आगे की रणनीति समेत कई बिंदुओं पर सहमति बनाने के मकसद से चर्चा होने की संभावना है। देश की वित्तीय राजधानी मुंबई के एक पंचसितारा होटल में 31 अगस्त और एक सितंबर को आयोजित बैठक में इस बार कुल 28 दल हिस्सा लेंगे जो बेंगलूरु में हुई पिछली बैठक के



## 38 पशुओं के साथ पांच पशु तस्कर गिरफ्तार

**सोनभद्र (उप्र)/भाषा।** सोनभद्र जिले में पुलिस ने हाथी नाला के पास से तस्करी कर ले जाए जा रहे 38 पशुओं (बैल) को बरामद किया है और इस सिलसिले में पांच तस्करों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उपरोक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर हाथीनाला थाने में अभियोग पंजीकृत किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह ने बताया कि तस्करों द्वारा 38 पशुओं (बैलों) को तस्करी कर मध्य प्रदेश के देवसर से उत्तर प्रदेश के जनपद सोनभद्र की सीमा से रानीताली नाला, हाथीनाला होते हुए झारखंड ले जाया जा रहा था। उन्होंने बताया कि इस मामले विजय गौड़, ओमप्रकाश गौड़, साधु गौड़, असरफी प्रसाद एवं शेर सिंह गोड़ को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि मौके से अंधेरे एवं जंगल का फायदा उठाकर अभियुक्त गण रामकिशुन चौधरी उर्फ गुड्डु व ओमप्रकाश गोड़ फरार हो गए। उन्होंने बताया कि भादंसं और उत्तर प्रदेश गोवध निषेध अधिनियम के तहत विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## भरी कक्षा में शिक्षिका को दिया तीन तलाक : मुकदमा दर्ज

**बाराबंकी (उप्र)/भाषा।** बाराबंकी जिले में एक अजीबोगरीब घटना में एक व्यक्ति ने तुरंत साथ चलने से मना करने पर अपनी शिक्षिका पत्नी को भरी कक्षा में तीन तलाक दे दिया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि बाराबंकी शहर स्थित एक निजी स्कूल में पढ़ाने वाली शिक्षिका तमन्ना के शौहर शकील ने पिछली 24 अगस्त को स्कूल जाकर कक्षा में छात्र-छात्राओं के सामने उसे तीन तलाक दे दिया। उन्होंने बताया कि बाराबंकी के नगर कोतवाली क्षेत्र के बेगमगंज मुहल्ले की तमन्ना का निकाह एक सितंबर 2020 को फिरोजाबाद जिले के मोहम्मद शकील से हुआ था। उनके अनुसार तमन्ना का आरोप है कि निकाह के एक महीने बाद से ही पति, सास व ससुराल के अन्य लोग मारपीट करते हुए दहेज की मांग करने लगे थे। तमन्ना ने आरोप लगाया है कि दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल के लोगों ने एक दिन उसे योजनाबद्ध तरीके से मायके भेज दिया और शकील उसे बिना बताए सऊदी अरब चला गया तथा तब से वह अपने मायके में रहकर एक निजी विद्यालय में पढ़ाने लगी।

## पटनायक, सिंधिया ने भुवनेश्वर-उत्केला उड़ान सेवा को हरी झंडी दिखाई



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक और नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को भुवनेश्वर और कालाहांडी जिले के उत्केला के बीच पहली उड़ान सेवा को हरी झंडी दिखाई।

सिंधिया वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कार्यक्रम में शामिल हुए जबकि पटनायक यहां बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मौजूद थे। दोनों ने ओडिशा की वाणिज्य एवं परिवहन मंत्री टुकुनी साहू और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अशोक पांडा की उपस्थिति में उत्केला हवाई अड्डे का भी उद्घाटन किया। पटनायक ने 'एक्स' (पूर्व में ट्वीटर) पर कहा, भुवनेश्वर और कालाहांडी जिले में नए उद्घाटन किए गए उत्केला हवाई अड्डे के बीच पहली उड़ान को हरी झंडी दिखाकर खुशी हुई। हवाई अड्डे ने ओडिशा के विमानन क्षेत्र में एक और सुनहरा अध्याय जोड़ा है। यह कनेक्टिविटी, वाणिज्य और पर्यटन को बढ़ावा देगी, क्षेत्र के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करेगी।

सिंधिया ने 'एक्स' पर कहा, पूर्वी भारत ने हमेशा अपनी समृद्ध संस्कृति, कला और सभ्यता के साथ देश के आर्थिक और सामाजिक विकास में योगदान दिया है और आज जब भारत अपने अमृतकाल में आगे बढ़ रहा है, तो इस क्षेत्र का विकास हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, इसी संकल्प के साथ आज नवीन पटनायक और जनरल वीके सिंह द्वारा न केवल उत्केला (कालाहांडी) में नए हवाई अड्डे बल्कि उड़ान योजना के तहत उत्केला और भुवनेश्वर के बीच हवाई सेवा का भी उद्घाटन किया गया। मुझे विश्वास है कि इससे न केवल ओडिशा के नागरिक उड्डयन क्षेत्र को नए पंख लगेंगे, बल्कि रोजगार, उद्यमिता और समावेशी विकास को भी नई गति मिलेगी।

## महिला सशक्तिकरण के लिए अरुणाचल सरकार ने की कई पहल : खांडू



**ईटानगर/भाषा।** अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी सरकार ने अपने सात साल के शासन के दौरान महिला सशक्तिकरण के लिए कई पहल की हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण से पूरे समाज को सशक्त बनाने में मदद मिलती है।

खांडू ने 'एक्स' (पूर्व में ट्वीटर) पर लिखा, जब हम महिलाओं को सशक्त बनाते हैं, तो हम पूरे समाज को सशक्त बनाते हैं। जब हम उनका उत्थान करते हैं और उनका समर्थन करते हैं, तो हम प्रगति-समानता के लिए असीमित संभावनाओं को खोल रहे होते हैं। खुशी है कि हमारी नारी शक्ति को बाधाओं को तोड़ने, परंपराओं को चुनौती देने और एक ऐसे भविष्य के निर्माण में सक्षम बनाने के लिए अतिरिक्त प्रयास किया गया है जहां हर महिला की आवाज और पसंद मायने रखती है। अब तक 67,280 महिलाओं को 8,410 स्वंय सहायता समूह में शामिल किया है और उन्हें 14 करोड़ रुपए का बैंक ऋण दिया है। 60,000 बैंक खाते खोले गए हैं और 500 एसएचजी के बैंक खाते में एक लाख रुपए की सावधि जमा राशि दी गई है।

## 'मोदीनॉमिक्स' की वजह से भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है: भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भाजपा ने बृहस्पतिवार को कहा कि विकास के विभिन्न मानकों से संकेत मिलता है कि 'मोदीनॉमिक्स' की वजह से भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है। पार्टी ने भरोसा जताया कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के लिए देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े लगभग आठ प्रतिशत होने चाहिए।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद जफर इस्लाम ने यहां पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ग्रामीण और शहरी मांग में वृद्धि, खपत के तौर-तरीकों, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह और विभिन्न अन्य मापदंड भविष्य के लिए 'बहुत अच्छे संकेत' देते हैं। उन्होंने कहा, त्योहारों के नजदीक आने के साथ मांग में और वृद्धि होगी। देश की



अर्थव्यवस्था काफी बेहतर स्थिति में होगी। विकास की गति भी और बढ़ेगी। उन्होंने इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आर्थिक दृष्टिकोण 'मोदीनॉमिक्स' को दिया। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के अर्थव्यवस्था के बेहतर प्रबंधन को भाजपा अक्सर 'मोदीनॉमिक्स' कहती है।इस्लाम ने कहा, पहली तिमाही के जीडीपी आंकड़े आज आने वाले हैं। मुझे नहीं पता कि आंकड़ा क्या होगा, लेकिन विकास की गति इंगित करती है कि यह लगभग आठ प्रतिशत होगी। उन्होंने कहा कि आठ प्रतिशत एक 'शानदार' आंकड़ा है और यह दिखाता है कि भारत की अर्थव्यवस्था न केवल बढ़ रही है, बल्कि बहुत तेज गति से बढ़ रही है।

## नए विधेयक के तहत मृत्युदंड प्राप्त दोषी दया याचिका पर राष्ट्रपति के फैसले के खिलाफ अपील नहीं कर सकता

**नई दिल्ली/भाषा।** मृत्युदंड की सजा प्राप्त जिस दोषी की दया याचिका का राष्ट्रपति ने निपटारा कर दिया हो, उसे नए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक (बीएनएसएस), 2023 के कानून बनने पर फैसले के खिलाफ अदालत में अपील करने का कोई अधिकार नहीं होगा।

संविधान का अनुच्छेद 72 राष्ट्रपति को किसी भी अपराध के लिए दोषी ठहराए गए किसी भी व्यक्ति की सजा को माफ करने, राहत देने, सजा कम करने या उसकी सजा को निलंबित करने का अधिकार देता है। दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की जगह लेने के लिए प्रस्तावित बीएनएसएस विधेयक की धारा 473 के अनुसार, संविधान के अनुच्छेद 72 के तहत दिए गए राष्ट्रपति के आदेश के खिलाफ किसी भी अदालत में कोई अपील नहीं की जाएगी और यह अंतिम होगा, और राष्ट्रपति द्वारा निर्णय के आने के संबंध में किसी भी अदालत में कोई प्रश्न नहीं उठाया जाएगा।

# कोहली ने पाक गेंदबाजों पर कहा, उनका सामना करने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होता है




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पाल्लेकल/भाषा।** दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली का मानना है कि पाकिस्तान जैसे बेहद स्तरीय गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने के लिए आपको अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होता है।

भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ अपने पिछले तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले जीते हैं लेकिन पिछला मैच 2019 विश्व कप के दौरान खेला गया था। कोहली ने 'स्टार स्पोर्ट्स' से कहा, मुझे लगता है कि गेंदबाजी उनका मजबूत पक्ष है। और उनके पास प्रभाव छोड़ने वाले गेंदबाज हैं जो अपने कौशल के आधार पर कभी भी मैच का रुख बदल सकते हैं। इसलिए उनका सामना करने के लिए आपको अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होता है।

कोहली पिछले कुछ समय से एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में अच्छी फॉर्म में हैं। उन्होंने पिछले साल दिसंबर के बाद से इस प्रारूप में 13 मैच में 554 रन बनाए हैं लेकिन इस दौरान उनका औसत 50.36 रहा। पिछले कुछ समय में अपने रुख के बारे में कोहली ने कहा, मैं सिर्फ यह समझने का प्रयास करता हूं कि मैं अपने खेल को कैसे बेहतर कर सकता हूं। प्रत्येक दिन, प्रत्येक अभ्यास सत्र में, प्रत्येक साल, प्रत्येक सत्र, इसी के कारण मुझे इतने लंबे समय तक अच्छा खेल दिखाने और टीम के लिए प्रदर्शन करने में मदद मिली। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि आप इस मानसिकता के बिना लगातार अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं क्योंकि यदि आपका प्रदर्शन ही आपका एकमात्र लक्ष्य है तो आप संतुष्ट हो सकते हैं और कड़ी मेहनत करना बंद कर सकते हैं।

# मेरा कोई अहंकार नहीं है, नई गेंद से या डैथ में गेंदबाजी कर सकता हूं : शमी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पालेकल/भाषा।** मोहम्मद शमी को वनडे क्रिकेट में नई गेंद की बजाय पुरानी कूकाबूरा से भी गेंदबाजी करने में कोई गुरेज नहीं है और उनका कहना है कि वह टीम की जरूरत के अनुसार ढलने को तैयार हैं और उनमें कोई अहंकार नहीं है। एशिया कप के लिए जसप्रीत बुमराह की वापसी के साथ देखना यह होगा कि पाकिस्तान के खिलाफ शनिवार को उनके साथ नई गेंद कौन संभालेगा।

बुमराह की गैर मौजूदगी में शमी और मोहम्मद सिराज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मार्च में वनडे श्रृंखला में नई गेंद संभाली थी।

शमी ने एशिया कप से पहले स्टार स्पोटर्स से कहा, मुझे नई गेंद या पुरानी गेंद से गेंदबाजी करने में कोई हिचक नहीं है। मुझमें इस तरह का कोई अहंकार नहीं है। हम तीनों (बुमराह, शमी और सिराज) अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं और यह टीम प्रबंधन पर निर्भर करता है कि वह किसे उतारना चाहता है। उन्होंने कहा, अगर मुझे नई गेंद दी जाती है या जब भी गेंदबाजी करने को कहा जाता है तो मैं हमेशा तैयार हूं। उन्होंने कहा, सफेद और लाल गेंद को लेकर काफी बात की जाती है। लेकिन अगर सटीक गेंदबाजी करते हैं तो किसी भी प्रारूप में कोई दिक्कत नहीं है। मेरा एक ही लक्ष्य है कि मैदान पर अपना शत प्रतिशत देना है। अगर ऐसा कर सके तो नतीजे खुद ब खुद मिलेंगे। उन्होंने कहा कि विश्व कप से पहले बुमराह की वापसी से टीम का मनोबल बढेगा। शमी ने कहा, जस्सी (बुमराह) लंबे समय से नहीं खेल रहा था। हमें उसकी कमी खली। उसकी वापसी से हमारी गेंदबाजी काफी मजबूत हुई है। वह फिट दिख रहा है और अच्छा खेल रहा है। उम्मीद है कि एशिया कप में प्रदर्शन अच्छा होगा।

## सुविचार

**किसने चलाया ये, तोहफे लेने-देने का रिवाज, गरीब आदमी मिलने-जुलने से भी डरता हैं।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# 'ऊंची उड़ान' के सपने

विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडिया' अभी पूरी तरह आकार लेकर मैदान में नहीं उतरा कि इससे पहले ही 'प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार' बनने की दावेदारी शुरू हो गई है। कौनसा दल नहीं चाहता कि उसका नेता प्रधानमंत्री बने? लेकिन आम आदमी पार्टी (आप) अभी से 'इंडिया' गठबंधन की ओर से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का नाम आगे करने लगी है! क्या इससे यह संकेत नहीं मिलता कि गठबंधन में खींचतान शुरू हो गई है? इससे अन्य घटक दलों में यह संदेश जाएगा कि वे भी गाहे–बगाहे प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के तौर पर अपने नेता का नाम आगे बढ़ा दें। उम्मीदवार घोषित होना या न होना बाद की बात है, इससे घटक दलों पर दबाव तो आ ही जाएगा। केजरीवाल को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाए जाने की इच्छा संबंधी बयान 'आप' के किसी आम कार्यकर्ता ने नहीं दिया। इसकी मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि वे बतौर प्रवक्ता, राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के नाम का प्रस्ताव रखना चाहेंगी! उन्होंने यह टिप्पणी 'इंडिया' गठबंधन की मुंबई में बैठक होने से पहले की, जिसमें विपक्षी नेता वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का मुकाबला करने के लिए संयुक्त प्रचार रणनीति और अपने सदस्यों के बीच 'मतभेदों' को दूर करने पर चर्चा करेंगे। इस बैठक में 'मतभेद' कितने दूर होंगे, यह तो समय ही बताएगा, लेकिन प्रियंका कक्कड़ के बयान से घटक दलों के नेताओं की चिंता जरूर बढ़ सकती है। हालांकि इस बयान के कुछ घंटे बाद ही दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने यह कहकर मामले को संभालने की कोशिश की कि मैं आधिकारिक रूप से कह रही हूं, अरविंद केजरीवाल देश का प्रधानमंत्री बनने की दौड़ में नहीं हैं। सवाल है– तो पार्टी की मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता के बयान के क्या मायने हैं?

'आप' के दिल्ली संयोजक और पर्यावरण मंत्री गोपाल राय भी कमोबेश यही कह रहे हैं, 'हर पार्टी चाहती है कि उसका नेता प्रधानमंत्री बने। आप सदस्य भी चाहते हैं कि उनके राष्ट्रीय संयोजक प्रधानमंत्री बनें।' हालांकि उन्होंने भी 'संतुलन' साधने की कोशिश करते हुए कहा कि 'इंडिया' गठबंधन के सभी सदस्य बैठक करेंगे और जो फैसला होगा, हम उसके अनुसार आगे बढ़ेंगे।' 'इंडिया' गठबंधन को लेकर जनमानस में धारणा है कि यह मुख्यत: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'विजयरथ' रोकने के लिए बनाया गया है, जिसमें कांग्रेस 'नेतृत्व' की भूमिका में रहना चाहती है। अगर 'आप' की ओर से भविष्य में भी इसी तरह प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के तौर पर केजरीवाल का नाम उछाला गया तो यह कांग्रेस समेत अन्य घटक दलों को असहज कर सकता है। चूंकि 'आप' तो कांग्रेस के खिलाफ आंदोलन से पैदा हुई थी। इस पार्टी ने अपने अस्तित्व में आने के बाद सबसे ज्यादा सियासी नुकसान कांग्रेस को पहुंचाया है। राष्ट्रीय राजधानी में 15 वर्षों से शीला दीक्षित के नेतृत्व में चली आ रही तत्कालीन कांग्रेस सरकार को 'आप' ने सत्ता से बाहर किया था। इसने पंजाब विधानसभा चुनाव में कांग्रेस से सत्ता छीनकर सरकार बना ली। गुजरात विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के वोटबैंक में खूब सेंध लगाई। इससे कांग्रेस को सीटों का भारी घाटा हुआ। चूंकि 'आप' की केंद्र की राजनीति में आकर सत्तासीन होने की महत्वाकांक्षाएं किसी से छिपी नहीं हैं। इस पार्टी के निर्माण के बाद वर्ष 2013 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में इसे 'पूर्ण सफलता' नहीं मिली, लेकिन इसने सरकार बना ली थी। इस 'जीत' से उत्साहित होकर केजरीवाल ने वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में बनारस जाकर मोदी को चुनौती दे डाली थी। हालांकि केजरीवाल हारे और अन्य सीटों पर भी 'आप' का प्रदर्शन बहुत कमजोर रहा था। इतने वर्षों में 'आप' ने दिल्ली में जड़ें मजबूत कीं, वहीं कांग्रेस सिमटती गई। अब तो 'आप' को राष्ट्रीय राजनीतिक दल का दर्जा मिल गया है। ऐसे में यह पार्टी 'ऊंची उड़ान' के सपने क्यों न देखे! क्या 'इंडिया' गठबंधन में रहते यह संभव है? क्या कांग्रेस और घटक दल उसके मार्ग में अवरोध नहीं डालेंगे? अगर लोकसभा चुनाव नजदीक आते–आते अन्य दलों की ओर से भी अपने नेताओं को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाए जाने के स्वर उठने लगे तो इंडिया' गठबंधन का भविष्य क्या होगा? ऐसे कई सवाल हैं, जिनके जवाब इस गठबंधन को अभी तलाशने की जरूरत है।

## सामयिक

# मोदी ने 2024 चुनाव के लिए मास्टर स्ट्रोक मारना किया शुरू

अशोक भाटिया
मोबाइल : 9221232130


वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव से पूर्व देश में राजनीतिक माहौल बदलता हुआ दिख रहा है। एक ओर जहां विपक्ष अपना कुनबा बढ़ा रहा है। वहीं दूसरी ओर एनडीए भी अपने समर्थकों दलों की संख्या बढ़ाने की कोशिश में जुटी हुई है। इस बीच मोदी सरकार आगामी लोकसभा चुनाव से पूर्व कई महत्वपूर्ण फैसले ले रही है, जिसमें एलपीजी गैंस सिलेंडर के दाम घटाने, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत मिलने वाले रुपये को बढ़ाने और हर–घर–जल योजना में तेजी लाने का फैसला किया है। चार साल पहले केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई हर–घर जल योजना अभी तक 67 प्रतिशत घरों तक पहुंच चुकी है। केंद्र का लक्ष्य है कि 2024 तक योजना को 100 प्रतिशत पूरा किया जाए। लेकिन केंद्र अगले साल चुनाव से पहले अधिकतम काम पूरा करने पर जोर दे रहा है। सूत्र ने बताते है, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना ने 2019 में जो जादू किया, वहीं हर घर जल और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनाएं 2024 में करेंगी।

केंद्र एक और कदम एलपीजी सिलेंडर की कीमत कम करने का किया है। पिछले तीन साल में एलपीजी सिलेंडर की कीमत लगभग दोगुनी हो गई है। हालांकि एलपीजी की कीमत वैश्विक कीमतों से निर्धारित होती है। देश घरेलू खपत के लिए 60 प्रतिशत एलपीजी आयात करता है, भाजपा की प्रतिक्रिया है कि उसकी महिला मतदाता नाखुश हैं। अब मोदी जी के ताजा स्ट्रोक से देशभर में रसोई गैस का सिलेंडर दो सौ रुपये सस्ता मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की मीटिंग में ये फैसला लिया गया। चूंकि पिछले दो सालों से रसोई गैस का सिलेंडर लगातार मंहगा हो रहा था, एलपीजी सिलेंडर की कीमत दिल्ली में 1103 रुपये तक पहुंच गई थी, अब इस पर लगाम लगेगी। अब गैस का सिलेंडर दिल्ली में 903 रुपये का मिलेगा। चूंकि ओणम और रक्षाबंधन का त्योहार है, इसके बाद जन्माष्टमी, नवरात्र, दशहरा और दीवाली है, इसलिए त्योहारों का सीजन शुरू होने से पहले सरकार ने मंहगाई से जनता को राहत देने के लिए उपाय करने शुरू कर दिए और पहले कदम के तौर पर गैस सिलेंडर की कीमतों में कटौती का फैसला किया गया है। सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि गैस सिलेंडर की कीमतों में कमी करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की माताओं–बहनों को रक्षाबंधन का उपहार दिया है, इसमें किसी तरह के कोई भेदभाव नहीं हैं, हर वर्ग के लोगों को गैस सिलेंडर दो सौ रुपये सस्ता मिलेगा। इसके अलावा सरकार ने उज्ज्वला योजना के तहत 75 लाख नए कनेक्शन देने का भी फैसला किया है। अनुराग ठाकुर ने बताया कि जो नए परिवार बने हैं या पिछली बार जिन परिवारों को किसी कारणवश उज्ज्वला योजना का लाभ नहीं मिल पाया, अब ऐसे 75 लाख परिवारों को उज्ज्वला योजना के तहत गैस का कनेक्शन, सिलेंडर, चूल्हा और कनेक्शन पाइप मुफ्त दिया जाएगा।

सरकार का ये फैसला समाज के बड़े वर्ग को राहत देने वाला है। इसीलिए जैसे ही फैसले का एलान हुआ तो इस पर सियासत शुरू हो गई। विरोधी दलों ने ये कहना शुरू कर दिया कि सरकार समझ रही है कि मंहगाई की मार झेल रही जनता चुनाव में भाजपा को सबक सिखाएगी, इसलिए सरकार ने चुनावों को देखते हुए ये फैसला लिया है। यहां एक बात बताना जरूरी है, आम लोगों को गैस सिलेंडर 200 रुपये सस्ता मिलेगा, जबकि जिन लोगों ने उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन लिया है, उन्हें गैस सिलेंडर 400 रुपये सस्ता मिलेगा क्योंकि उज्ज्वला योजना के तहत 9 करोड़ 60 लाख उपभोक्ताओं को सरकार पहले से गैस सिलेंडर पर 200 रुपये की सब्सिडी दे रही है, वो जारी रहेगी।

नरेन्द्र मोदी की अपील पर लोगों ने गैस सिलेंडर पर सब्सिडी छोड़ दी थी । इसके बाद आम लोगों के लिए गैस सिलेंडर की कीमत बढ़ते–बढते 1103 रुपये तक पहुंच गई। सरकार की तरफ से कहा गया कि पिछले तीन सालों में इंटरनेशनल मार्केट में गैस के दामों में करीब 303 परसेंट की बढ़ोतरी हुई। लेकिन इसके बाद भी भारत सरकार ने गैस के दाम सिर्फ 63 परसेंट बढ़ाए और आज हर सिलेंडर की कीमत 200 रुपये कम कर दी। सरकार के फैसले के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी ट्विटर पर लिखा कि रक्षाबंधन का पर्व अपने परिवार में खुशियां बढ़ाने का दिन होता है, गैस की कीमतों में कटौती होने से मेरे परिवार की बहनों की सहूलियत बढ़ेगी और उनका जीवन और आसान होगा। मेरी हर बहन खुश रहे, स्वस्थ रहे, सुखी रहे, ईश्वर से यही कामना है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने टीका–टिपण्णी करते हुए ट्विटर पर लिखा कि जब वोट लगे घटने तो चुनावी तोहफे लगे बंटने। साढे 9 साल तक 400 रु. का एलपीजी गैस सिलिंडर 1100 रुपये में बेच कर आम आदमी की जिंदगी तबाह करते रहे, तब कोई स्नेह भेंट की याद क्यों नहीं आई? भाजपा सरकार ये जान ले कि 140 करोड़ भारतीयों को साढ़े 9 साल तड़पाने के बाद चुनावी लॉलीपॉप थमाने से काम नहीं चलेगा। आपके एक दशक के पाप नहीं धुलेंगे।आई.एन.डी.आई.ए. से डर अच्छा है, मोदीजी। ममता बनर्जी ने तो गैस सिलेंडर के दामों की कटौती का श्रेय विपक्षी एकता को दिया। तेजस्वी यादव ने कहा कि जैसे–जैसे इंडिया अलायंस और मजबूत होगा, सरकार पर दबाव पड़ेगा और जनता को इसी तरह की और सहूलियतें मिलेंगी। एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि कर्नाटक में जनता ने महंगाई और बेरोजगारी के कारण चुनाव में भाजपा को खारिज किया, अब तीन राज्यों में चुनाव है, इसलिए सरकार डरी है। विरोधी दलों को जवाब दिया पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने। उन्होंने कहा कि विरोधी दलों के नेता सिलेंडर की कीमत कम कराने का श्रेय ले रहे हैं, बेहतर होगा अब ममता बनर्जी, अशोक गहलोत, अरविन्द केजरीवाल जैसे नेता अपने राज्यों में डीजल पेट्रोल की कीमतें कम कर दें। ये बात तो सही है कि सब्सिडी खत्म होने के बाद एलपीजी सिलेंडर के दाम लोगों को परेशान कर रहे थे, इसलिए सरकार के फैसले से आम लोगों को तो राहत मिली है। जहां तक इस फैसले को लेकर हो रही सियासत का सवाल है, तो विरोधी दलों के रिएक्शन इस बात का सबूत हैं कि मोदी के इस फैसले से भाजपा को चुनावों में फायदा होगा।

कांग्रेस ने कर्नाटक में सस्ता सिलेंडर देने का वादा किया था, उसे सफलता मिली। इसलिए राजस्थान सरकार ने चुनाव से पहले पांच सौ रुपये में सिलेंडर देने का एलान कर दिया। मध्य प्रदेश में कांग्रेस यही वादा कर रही है कि अगर उसकी सरकार बनी तो पांच सौ रुपये में सिलेंडर मिलेगा। चुनाव के मौके पर लोगों को सस्ती चीजें ऑफर करने का विशेषाधिकार सिर्फ विरोधी दलों के पास तो नहीं हो सकता। इसीलिए नरेन्द्र मोदी ने रक्षाबंधन और ओणम के मौके पर सिलेंडर की कीमतों में कमी करके विपक्ष को अपनी रणनीति पर फिर सोचने के लिए मजबूर कर दिया है। विरोधी दलों के नेता ये बताने की कोशिश कर रहे हैं कि मोदी ने गैस सिलेंडर सस्ता किया वो उनके इकट्ठा होने के दबाव में आकर किया लेकिन लगता है कि नरेंद्र मोदी चुनावी राजनीति के चतुर खिलाड़ी हैं। वो जानते हैं कि किस मौके पर कौन सा कदम कब उठाना है। अब मुंबई में मोदी विरोधी मोर्चे की जो मीटिंग होने जा रही है, उसमें भी इस मुद्दे पर बात होगी।



एक अंतर्राष्ट्रीय न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक 24 बिलियन डॉलर वाली प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को जून 2024 तक के लिए एक्सटेंड किया जा सकता है। इस योजना की अवधि 31 दिसंबर 2023 को खत्म होने वाली है। रिपोर्ट के मुताबिक इस योजना को अगले 6 महीने के लिए बढ़ाने को लेकर चर्चा चल रही है और आखिरी फैसला प्रधानमंत्री कार्यालय को लेना है। उत्तर प्रदेश, गुजरात और उत्तराखंड जैसे राज्यों में कोरोना के बाद भाजपा की सरकार बनी है। आंतरिक सर्वे और रानजीतिक विश्लेषकों ने भी माना कि भाजपा को इस योजना का फायदा मिला है।

## मुद्दा

# दुनियाभर में मोदी का जलवा बरकरार

बाल मुकुन्द ओझा
मोबाइल : 8949519406

हमारे प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के दबदबे और सर्वप्रियता पर वैश्विक मुहर लग गई है। भारत में विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया जहां प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को अगले लोकसभा चुनाव में सत्ताच्युत करने की रणनीति को अंतिम रूप दे रहा है वहां देश और दुनियां में मोदी की लोकप्रियता लगातार बढ़ती जा रही है। अपने ही देश में कुछ सियासी शक्तियों को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी फूटी आँखों नहीं सुहाते। मोदी का नाम आते ही उनके तन बदन में आग सी लग जाती है। मगर दुनियां ने उन्हें सिर आँखों पर बैठा रखा है। प्रधानमंत्री मोदी की कार्यशैली, सोच, साहस, हौसला, कार्य निष्ठा, देश के प्रति समर्पण, त्वरित निर्णय लेने की क्षमता, नेतृत्व और कुछ कर गुजरने की ललक ने उनकी लोकप्रियता को देश ही नहीं अपितु दुनिया में भी बढ़ाने का काम किया है। मोदी के दबदबे और लोकप्रियता पर एक बार फिर वैश्विक मुहर फिर लग गई है। मोदी एक मजबूत वैश्विक नेता के रूप में उभरे हैं। हम बात कर रहे है प्यू रिसर्च सेंटर की जो सर्वे और डेटा के कारोबार से जुड़ी है। देश में 2024 लोकसभा के चुनाव होने हैं। ऐसे में हर कोई यह जानना चाहता है कि दो बार से केंद्र की सत्ता पर काबिज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के प्रति देश के लोगों का रुख कैसा है। अमेरिकन सर्वे एजेंसी प्यू रिसर्च सेंटर की मानें तो अगले साल फिर मोदी लोकसभा चुनाव जीतने वाले हैं। सर्वेके मुताबिक 79 फीसदी भारतीयों का भरोसा अभी भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बना हुआ है। लोगों का मानना है कि बीते वर्षों के दौरान भारत का कद दुनिया भर में तेजी से बढ़ा है। भारत में होने जा रहे जी20 सम्मेलन से पहले मंगलवार को यह रिपोर्ट जारी की गई। दुनिया भर के कुल 23 देशों में 30,861 लोगों पर किए गए इस सर्वे के दौरान 20 फरवरी 2023 से 22 मई 2023 के बीच आंकड़े जुटाए गए। इस दौरान 68 फीसदी भारतीय वयस्कों ने माना कि दुनिया में भारत का प्रभाव बढ़ा है। 55 फीसदी लोगों की सोच मोदी के प्रति अनुकूल है। वो अगले साल आम चुनाव के दौरान फिर से प्रधानमंत्री मोदी को देश की सत्ता संभालते हुए देखना चाहते हैं। भारत का दबदबा विदेशों में भी बढ़ा है। सर्वे में सवाल पूछा गया कि क्या दुनिया में भारत का दबदबा बढ़ा है। इसके जवाब में 68 फीसदी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत का प्रभाव बढ़ा है। सर्वे रिपोर्ट के अनुसार, अधिकतर भारतीय चीन और पाकिस्तान को नापसंद करते हैं।

## ट्वीटर टॉक



संसद का विशेष सत्र (17वीं लोकसभा का 13वां सत्र व राज्यसभा का 261वां सत्र) आगामी 18 से 22 सितंबर के दौरान होगा, जिसमें 5 बैठकें होंगी। अमृतकाल के इस कालखंड में आयोजित होने जा रहे इस विशेष सत्र में सभी दलों से सार्थक चर्चा और बहस होना अपेक्षित है।

**–अर्जुनराम मेघवाल**



बिजली कटौती से परेशान किसानों की मांगो को लेकर बूंदी में मंगलवार को प्रदर्शन कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं पर पुलिस की बर्बरता की मैं कड़ी निंदा करती हूँ। राज्य का किसान पहले से ही अगस्त महीने में पर्याप्त बारिश नहीं होने से परेशान है और सिंचाई के लिए बिजली की मांग कर रहा है।

**–दिया कुमारी**



डिग्गी में महंत सियाराम दास जी की नृशंस हत्या की भर्त्सना करता हूँ। पुलिस एवं प्रशासन को इस अमानवीय कृत्य को अंजाम देने वाले अपराधियों को अतिशीघ्र गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई करवा कर उन्हें सख्त से सख्त सजा सुनिश्चित करनी चाहिए।

**–सचिन पायलट**

## प्रेरक प्रसंग

# व्यवहार का धर्म

किसी संत के पास एक युवक आया और उसने उनसे धर्म ज्ञान देने की प्रार्थना की। संत ने कहा कि वह उनके साथ कुछ दिन रहे, फिर वे उसे धर्म का सार बताएंगे। युवक उनके आश्रम में रहने लगा। वह संत की हर बात मानता और उनकी सेवा करता। इसी तरह कई दिन बीत गए। उसे समझ में नहीं आ रहा था कि संत उसे धर्म के बारे में कब बताएंगे। वह उनसे धर्म की चर्चा करने के लिए उत्सुक था। वह चाहता था कि उनसे शिक्षा प्राप्त कर घर लौट जाए, संत कुछ खास कह ही नहीं रहे थे। युवक का धैर्य जवाब दे रहा था। एक दिन उसने पूछ ही दिया, 'मुझे आए इतने दिन हो गए, पर अब तक आपने मुझे धर्म का सार नहीं बताया। आखिर मैं कब तक प्रतीक्षा करूं?' संत ने हंसकर कहा, 'कैसी बात कर रहे हो? तुम जिस दिन से मेरे साथ रह रहे हो, उस दिन से मैं तुम्हें धर्म का सार बता रहा हूं। पर तुम ध्यान ही नहीं दे रहे। युवक ने चौंककर कहा, 'वो कैसे?' संत बोले, 'जब तुम मेरे लिए पानी लाते हो, मैं उसे सदैव प्रेम से स्वीकार करता हूं। तुम्हारे प्रति आभार भी प्रकट करता हूं। जब–जब तुमने मुझे आदरपूर्वक प्रणाम किया, मैंने तुम्हारे साथ नम्रता का व्यवहार किया।

## नजरिया

# राजस्थान में परिवर्तन यात्राओं के सहारे भाजपा

रमेश सर्राफ धमोरा
मोबाइल : 94142 55034

राजस्थान भाजपा में आपसी गुटबाजी खुलकर उजागर हो रही है। विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सहित सभी बड़े नेता अपने को फ्रंट में लाने के प्रयास में लगे हुयें हैं। वसुंधरा समर्थको को मानना है कि उनको ताकत दिखाने का अब अंतिम अवसर है। यदि इस बार चूक गए तो फिर मुख्य धारा की राजनीति में पिछड़ जाएंगे। वसुंधरा समर्थक कई विधायकों को तो इस बात का डर भी सता रहा है कि यदि मैडम राजनीतिक रूप से कमजोर होती है तो उनकी टिकट भी खतरे में पड़ सकती है। इसीलिए वसुंधरा के सभी समर्थक जोर दे रहे हैं की मैडम पार्टी आलाकमान से दो टूक बात करें।

पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व भी राजस्थान में भाजपा की फूट को लेकर पूरी तरह सतर्क है। भाजपा आलाकमान जानता हैं कि राजस्थान भाजपा में सभी नेताओं के अपने–अपने गुट बने हुए हैं। जिसके चलते सभी एक दूसरे की टांग खींचाई करने में लगे हुए हैं। भाजपा ने अपने प्रादेशिक नेताओं की आपसी खेतान के चलते ही प्रदेश के चार क्षेत्रों में निकली जाने वाली परिवर्तन संकल्प यात्रा का नेतृत्व किसी भी बड़े नेता को नहीं सौंपा है। भाजपा चारों यात्राओं का नेतृत्व सामूहिक रूप से करने का निर्णय लिया है। ताकि यात्रा के बहाने कोई नेता खुद को बडा नहीं दिखा सके। यात्रा के संयोजन की जिम्मेदारी पार्टी ने दूसरी पंक्ति के नेताओं को दी है ताकि बिना गुटबाजी के यात्राओं का समापन हो सके।

ऐसे में अब पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, अर्जुन मेघवाल, प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया सहित किसी भी अन्य नेता के बीच मुख्यमंत्री बनने की होड़ खत्म हो गई है। अब अगर पार्टी सत्ता में आती है तो शीर्ष नेतृत्व ही तय करेगा कि मुख्यमंत्री कौन बनेगा। भाजपा की ओर से निकाली जाने वाली परिवर्तन यात्रा को लेकर चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नारायण पंचारिया ने बताया कि भाजपा प्रदेश में आगामी दो सितंबर से परिवर्तन यात्रा की शुरूआत करेगी। यह यात्रा चार अलग–अलग स्थानों और दिशाओं से प्रदेश भाजपा के सामूहिक नेतृत्व में 8,982 किलोमीटर का सफर तय कर प्रदेश की 200 विधानसभा क्षेत्रों में जाएगी। परिवर्तन यात्रा के दौरान किसान चैपाल, युवा मोटरसाईकिल रैली, महिलाओं की बैठक और दलित चैपालें भी आयोजित होंगी।



पहली परिवर्तन संकल्प यात्रा दो सितंबर को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में त्रिनेत्र गणेश मंदिर रणथंबौर सवाईमाधोपुर से प्रारंभ होगी। जिसमें भाजपा का प्रदेश नेतृत्व मौजूद रहेगा। प्रथम परिवर्तन यात्रा 18 दिनों में 1847 किलोमीटर चलकर भरतपुर संभाग, जयपुर संभाग एंव टोंक जिले की 47 विधानसभा क्षेत्रों में जायेगी। इस यात्रा के संयोजक भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी व सह संयोजक भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जितेन्द्र गोठवाल होंगे। दूसरी परिवर्तन यात्रा तीन सितंबर को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में बेणेश्वर धाम डूंगरपुर से प्रारंभ होगी। दूसरी यात्रा के दौरान 19 दिनों में 2433 किलोमीटर चलकर उदयपुर संभाग, कोटा संभाग और भीलवाडा जिले की कुल 52 विधानसभा क्षेत्रों में जायेगी। इस यात्रा का संयोजक प्रदेश उपाध्यक्ष चुन्नीलाल गरासिया को व सह संभाग प्रभारी प्रमोद सांभर सह सयोंजक के दायित्व का निर्वहन करेंगे।

तीसरी परिवर्तन यात्रा चार सितंबर को केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में रामदेवरा जैसलमेर से प्रारंभ होगी। यह यात्रा 18 दिनों में 2574 किलोमीटर चलकर जोधपुर संभाग, अजमेर व नागौर जिले की कुल 51 विधानसभा क्षेत्रों में जायेगी। इस यात्रा के संयोजक राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत को बनाया गया है। जोधपुर सह–संभाग प्रभारी सांवलाराम देवासी सहसंयोजक होंगे। चौथी परिवर्तन यात्रा पांच सितंबर को केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी के नेतृत्व में गोगामेडी हनुमानगढ से प्रारंभ होगी। यह यात्रा 18 दिनों में 2128 किलोमीटर चलकर बीकानेर संभाग, झुंझुनू, सीकर और अलवर जिले की कुल 50 विधानसभा क्षेत्रों में जाएगी। इस यात्रा का संयोजक पूर्व केन्द्रीय मंत्री सीआर चौधरी व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रवण बगडी को सह संयोजक बनाया गया है।

इन सभी यात्राओं के लिए एक टोली का गठन किया गया है। जिसमें मीडिया, सोशल मीडिया, आईटी एंव प्रचार–प्रसार सभा के प्रमुख बनाए गए हैं। प्रदेश की गहलोत सरकार के राज में भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण एंव कुशासन के कारण प्रदेश की जनता त्रस्त है। इसलिए कांग्रेस की इस जनविरोधी सरकार को उखाड फेंकने के लिए जनता ने संकल्प ले लिया है।

भाजपा आलाकमान विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चेहरा बना रहा है। मगर पार्टी के अंदरखाने मची जंग पर अभी तक नियंत्रण नहीं कर पाया है। वसुंधरा राजे दो बार मुख्यमंत्री रहने से उनका आज भी लोगों पर काफी प्रभाव है। यदि पार्टी आलाकमान चुनाव में उनकी उपेक्षा करेगा तो यह पार्टी के लिए घाटे का सौदा भी साबित हो सकता है।

फिलहाल वसुंधरा राजे अभी चुप्पी साधे हुए हैं तथा समय का इंतजार कर रही है। अंदर खाने वसुंधरा राज्य ने अपनी राजनीति का अगला प्लान तैयार कर रखा है। इसलिए वह अपने धुर विरोधियों से मिलकर उनसे राजनीतिक मतभेद समाप्त कर रही हैं। राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कांग्रेस की फिर से सरकार बनाने के लिए पूरा जोर लगाए हुए हैं। कांग्रेस आला कमान के प्रयासों से सचिन पायलट भी गहलोत के साथ जुट गए हैं। ऐसे में भाजपा अपनी अंदरुनी फूट पर कितना काबू कर पाती है। इसी पर राजस्थान में भाजपा की अगली सरकार बनने का भविष्य टिका है।

महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# अमेरिका के जॉर्जिया राज्य ने अक्टूबर को 'हिंदू विरासत माह' घोषित किया

**न्यूयॉर्क/भाषा**

अमेरिका के जॉर्जिया ने राज्य में हिंदू-अमेरिकी समुदाय के योगदान को सम्मान देते हुए अक्टूबर को आधिकारिक रूप से हिंदू विरासत माह घोषित किया है। गवर्नर ने इसकी जानकारी दी।

गवर्नर ब्रायन कैंप ने एक आधिकारिक बयान जारी कर अक्टूबर को 'हिंदू विरासत माह' के रूप में मनाने की घोषणा की। इसमें कहा गया कि हिंदू विरासत को उसकी संस्कृति और भारत में निहित विविध आध्यात्मिक परंपराओं को ध्यान में रखते हुए मनाया जाएगा। गवर्नर ने 23 अगस्त को जारी आधिकारिक बयान में कहा कि हिंदू-अमेरिकी समुदाय ने जॉर्जिया के लोगों के जीवन को समृद्ध बनाकर राज्य की जीवन शक्ति में जबरदस्त योगदान दिया है।

सीएचएनए (कॉयलेशन ऑफ हिंदूज ऑफ नॉर्थ अमेरिका) ने भी इस कदम का स्वागत किया और हिंदू समुदाय को सम्मान देने के लिए गवर्नर कैंप का आभार व्यक्त किया।

समूह ने 'एक्स' (पूर्व में टवीटर) पर लिखा, यह हिंदूज ऑफ जॉर्जिया के हमारे दोस्तों के अथक समर्पण से संभव हुआ। हिंदू धर्म ने अमेरिका के सांस्कृतिक परिवेश में महती योगदान दिया है।

इस साल की शुरुआत में, जॉर्जिया विधानसभा ने 'हिंदूफोबिया' (हिंदू धर्म के प्रति पूर्वाग्रह) की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसके साथ ही यह इस तरह का विधाई प्रस्ताव पारित करने वाला पहला अमेरिकी राज्य बना था।

'हिंदूफोबिया' और हिंदू-विरोधी कट्टरता की निंदा करते हुए, प्रस्ताव में अमेरिकी समाज के सांस्कृतिक ताने-बाने को समृद्ध करने और लाखों लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में हिंदू समुदाय के योग, आयुर्वेद, ध्यान, भोजन, संगीत और कला के योगदान का उल्लेख किया गया था।

# आदित्य एल-1 सूर्य के वर्तमान, भविष्य पर और प्रकाश डालेगा : बनर्जी

**कोलकाता/भाषा**

वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि दो सितंबर को इसरो द्वारा प्रक्षेपित किए जाने वाले भारत के पहले सौर मिशन आदित्य-एल1 के माध्यम से एकत्र किए गए आंकड़ों का विश्लेषण करने के बाद सूर्य के अतीत, वर्तमान और भविष्य के बारे में नई जानकारी मिल सकेगी।

आने वाले दशकों और सदियों में पृथ्वी पर संभावित जलवायु परिवर्तन को समझने के लिए यह आंकड़े महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं।

सौर भौतिक विज्ञानी प्रोफेसर दीपांकर बनर्जी ने कहा कि आदित्य एल-1 पहले लैग्रेंजियन बिंदु तक जाएगा जो पृथ्वी से करीब 15 लाख किलोमीटर दूर है और फिर वह उस डेटा को प्रसारित करेगा जिसका अधिकांश भाग पहली बार अंतरिक्ष में किसी मंच से वैज्ञानिक समुदाय के पास आएगा। इस अंतरिक्ष यान को सौर कोरोना (सूर्य की सबसे बाहरी परतों) के दूरस्थ अवलोकन और एल1 (सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंज बिंदु) पर सौर वायु के यथास्थिति अवलोकन के लिए तैयार किया गया है। एल1 पृथ्वी से करीब 15 लाख किलोमीटर की दूरी पर है।

लैग्रेंज बिंदु ऐसे संतुलन बिंदु को कहा जाता है जहां सूर्य और पृथ्वी के गुरुत्वीय बल बराबर होते हैं।

आदित्य एल1 को सूर्य-पृथ्वी की व्यवस्था के लैग्रेंज बिंदु 1 (एल1) के चारों ओर एक प्रभामंडल कक्षा में रखा जाएगा, जो पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर है। यहां से सूर्य को बिना किसी व्यवधान या ग्रहण के लगातार देखने का लाभ मिलेगा।

बनर्जी, उस टीम का हिस्सा हैं जिसने 10 साल से अधिक समय पहले मिशन की योजना पर काम किया था।

बनर्जी ने पीटीआई-भाषा से कहा, पृथ्वी पर हमारा अस्तित्व या जीवन मूलतः सूर्य की उपस्थिति के कारण है जो हमारा निकटतम तारा है। सारी ऊर्जा सूर्य से आती है। यह समझना महत्वपूर्ण है कि क्या यह उतनी ही ऊर्जा उत्सर्जित करेगा (जैसा कि यह अभी करता है) या इसमें परिवर्तन होने वाला है। उन्होंने कहा, यदि कल सूर्य उतनी ही मात्रा में ऊर्जा उत्सर्जित नहीं करेगा तो इसका हमारी जलवायु पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा।

नैनीताल में आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के निदेशक बनर्जी ने कहा कि यदि लैग्रेंजियन बिंदु से सूर्य की लंबी अवधि तक निगरानी की जा सकती है, तो यह सूर्य के इतिहास का मॉडल तैयार करने की उम्मीद जगाएगा।

वैज्ञानिक ने कहा कि ऐसा देखा गया है कि हर 11 साल में सूर्य की चुंबकीय गतिविधि में बदलाव होता है, जिसे सौर चक्र के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि सौर वायुमंडल में चुंबकीय क्षेत्र में भी कभी-कभी व्यापक परिवर्तन होते हैं जिसके परिणामस्वरूप ऊर्जा का भारी विस्फोट होता है, जिसे सौर तूफान कहा जाता है।

दीपांकर बनर्जी ने कहा कि बाहरी सौर वातावरण (कोरोना) मजबूत चुंबकीय क्षेत्रों द्वारा संरचित है, जो गर्म प्लाज्मा को सीमित करता है। निश्चित समय पर यह अंतरग्रहीय माध्यम में गैस और चुंबकीय क्षेत्र के बुलबुले छोड़ता है, जिसे 'कोरोनल मास इजेक्शन' कहते हैं। वैज्ञानिक ने कहा, जब वे अंतरग्रहीय माध्यम में यात्रा करते हैं, तो वे सभी दिशाओं में जा सकते हैं। कोरोनल मास इजेक्शन के प्रभाव से उपग्रह सीधे प्रभावित होते हैं। सौर आंधी के कारण चंद्रमा समेत अन्य ग्रह प्रभावित होते हैं। उन्होंने कहा, अंतरिक्ष में हमारी संपत्तियों की सुरक्षा के लिए अंतरिक्ष मौसम के पूर्वानुमान की आवश्यकता है। आदित्य-एल1 के डेटा की मदद से मौसम के पूर्वानुमान में सुधार किया जा सकता है।

**स्वागत**



मुंबई में गुरुवार को कांग्रेस नेता सोनिया गांधी का आई.एन.डी.आई.ए. में भाग लेने के लिए आगमन पर स्वागत किया गया।

# पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पुलिस ने अहमदी समुदाय के धार्मिक स्थलों की मीनारें गिराईं

**लाहौर/भाषा**

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पुलिस ने अल्पसंख्यक अहमदी समुदाय के दो धार्मिक स्थलों की मीनारें बृहस्पतिवार को ढहा दीं। इससे पहले कुछ कट्टरपंथी इस्लामवादियों ने आरोप लगाया था कि ये मीनारें अवैध रूप से बनाई गई हैं।

जमात-ए-अहमदिया पाकिस्तान पंजाब के अधिकारी आमिर महमूद ने बृहस्पतिवार को 'पीटीआई-भाषा' से कहा, कट्टरपंथी इस्लामवादियों के दबाव में शेखपुरा और गुजरात जिलों में अहमदी धार्मिक स्थलों की मीनारें पुलिस ने ध्वस्त कर दीं। उन्होंने दावा किया कि पुलिस ने इन धार्मिक स्थलों में लिखी आयतों को भी विरूपित कर दिया।

महमूद ने कहा, यह आम बात हो गई है कि पुलिस अल्पसंख्यक समुदाय के धार्मिक स्थलों की सुरक्षा करने के बजाय उन पर (अहमदियों पर) अपने ही धार्मिक स्थलों की बेअदबी करने के लिए दबाव डाल रही है। पुलिस की कार्रवाई से कट्टरपंथी तत्वों की मंशा की पूरी हो जाती है।

हाल के महीनों में पंजाब प्रांत में अहमदी धार्मिक स्थलों की मीनारों को ध्वस्त करने की कई घटनाएं हुई हैं और तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के कट्टरपंथी इस्लामवादी कथित तौर पर उनमें शामिल रहे हैं।

इस महीने की शुरुआत में इसी तरह की एक घटना में, यहां से लगभग 400 किलोमीटर दूर बहावलनगर जिले के चक 168 मुराद में अल्पसंख्यक अहमदी समुदाय के एक धार्मिक स्थल की मीनारों को अज्ञात संदिग्धों ने ध्वस्त कर दिया था।

कानून के तहत, अहमदी अपने धार्मिक स्थलों पर मीनारें नहीं बना सकते और इस्लामी आयतें नहीं लिख सकते हैं क्योंकि इसे इस्लाम के खिलाफ माना जाता है।

महमूद ने कहा, पाकिस्तान में पहले से ही हाशिए पर पहुंच चुके अहमदियों के लिए स्थिति दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। वे दुष्ट तत्वों के हाथों उत्पीड़न का सामना कर रहे हैं। पाकिस्तान के विभिन्न क्षेत्रों, विशेषकर पंजाब में धार्मिक स्थलों की मीनारों को ढहाने की घटनाएं लगातार जारी हैं। यह एक नया चलन है और अधिकारी कुछ नहीं कर रहे हैं।

पाकिस्तान में अहमदी समुदाय के लोगों को आमतौर पर कादियानी कहा जाता है, जो उनके लिए अपमानजनक शब्द माना जाता है।

साल 1974 में पाकिस्तान की संसद ने अहमदी समुदाय को गैर-मुस्लिम घोषित कर दिया था। एक दशक बाद, उन पर खुद को मुस्लिम कहने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। उन पर उपदेश देने और तीर्थयात्रा के लिए सऊदी अरब जाने पर प्रतिबंध लगा है।

# फिल्म मांग भरो सजना की शूटिंग शुरू

**मुंबई/वार्ता**





बाबा मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बन रही बॉलीवुड अभिनेता राहुल शर्मा और मेघाश्री स्टारर फिल्म मांग भरो सजना की शूटिंग शुरू हो गई है। फिल्म मांग भरो सजना की शूटिंग लखनऊ की खूबसूरत वादियों में हो रही है, जिसमें राहुल शर्मा फिल्म डार्लिंग के बाद एक बार फिर से दमदार भूमिका में नजर आने वाले हैं। राहुल शर्मा ने बताया, फिल्म मांग भरो सजना मेरे लिए बेहद महत्वपूर्ण है और पिछली फिल्म में मिले दर्शकों के प्यार और आशीर्वाद ने मुझे एक बार फिर से भोजपुरी में फिल्म करने को प्रेरित किया है। इस फिल्म में भी मेरी भूमिका बेहद अलग है, जो आपका खूब मनोरंजन करेगी। फिल्म के गीत संगीत भी एक से बढ़कर एक होने वाले हैं। फिल्म मनोरंजन का बेजोड़ पैकेज बन कर उभरेगा। अच्छी कहानी व कथा वाली फिल्म को करना मेरी प्रायरिटी रही है।

फिल्म मांग भरो सजना के निर्देशक राकेश त्रिपाठी ने बताया कि फिल्म जितना लोग सोच रहे हैं, उससे ज्यादा फिल्म अच्छी बने इसके लिए एकाग्रता और कठिन परिश्रम की जरूरत होती है। इसी चीज को हम अपनी फिल्म में फॉलो कर रहे है। उम्मीद है लोगों को बेहद पसंद आने वाली है। फिल्म में एक्शन, इमोशन, रोमांस सब भरपूर होगा। कहानी के साथ साथ हमारी फिल्म के गाने भी बेहतरीन होने वाले हैं। हमने इसके प्री प्रोडक्शन पर बेहद मेहनत की है और पूरी एनर्जी के साथ फिल्म की शूटिंग भी कर रहे हैं। उम्मीद है जब यह फिल्म सिनेमाघरों में आएगी, तब दर्शक इस फिल्म को खूब पसंद भी करेंगे। मांग भरो सजना में राहुल शर्मा और मेघा श्री के साथ-साथ कुणाल सिंह भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

फिल्म की सह निर्माता अनीता शर्मा हैं। फिल्म मांग भरो सजना में देव सिंह, विनीत विशाल, रोहित सिंह मटरू, वीणा पांडे, मोना राय और के के गोस्वामी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगी।

# इमरान ने 'दो धारी तलवार' के लिए लगातार 4 रात की शिफ्ट में की शूटिंग

**मुंबई/एजेंसी**

लंबे समय से सिनेमा से दूर रहे अभिनेता इमरान खान ने पुरानी यादों को याद करते हुए इंस्टाग्राम पर अपनी फिल्म 'मेरे ब्रदर की दुल्हन' और 'डेल्ही बेली' को लेकर दिलचस्प किस्से साझा किए। इमरान ने इंस्टाग्राम पर 'मेरे ब्रदर की दुल्हन' और 'डेल्ही बेली' की कुछ रेट्रो तस्वीरें साझा की। उन्होंने लिखा, एक समय की बात है, इंस्टाग्राम नहीं था, इसलिए लोग अपनी तस्वीरों में रेट्रो प्रभाव जोड़ने के लिए हिपस्टैमैटिक ऐप का इस्तेमाल करते थे। यहां 'एमबीकेडी' के सेट से कुछ रेट्रो तस्वीरें हैं, मुझे याद है कि मैंने 'दो धारी तलवार' गाने के लिए कुछ डबल शिफ्ट में काम किया था।'' उन्होंने खुलासा किया कि उन्होंने लगातार चार रातों तक 'दो धारी तलवार' गाने की शूटिंग की और दिन के दौरान वह 'डेल्ही बेली' के ट्रैक की शूटिंग कर रहे थे।

उन्होंने कहा, इसे लगातार 4 रात की पालियों में शूट किया गया था, जबकि मैं एक ही समय में दिल्ली बेली से 'नक्कड़वाले डिस्को' और 'स्विटी' के संगीत वीडियो की शूटिंग दिन में कर रहा था। मैं दो सेटों के बीच चलते हुए अपनी कार में सोता था।'' 'मेरे ब्रदर की दुल्हन' अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनी पहली फिल्म है।

**राखी**



पटना में गुरुवार को बिहार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री तेज प्रताप ने गुरुवार को पटना में 'वृक्ष सुरक्षा दिवस' के उपलक्ष्य में रक्षा बंधन त्योहार के अवसर पर एक पेड़ पर 'राखी' बांधते हुए।

# बिना लाइसेंस बंदूक रखने वालों को बिग बी ने कहा, 'आप कानून तोड़ रहे हैं'

**नई दिल्ली/एजेंसी**



मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने बिना लाइसेंस के बंदूक रखने वालों को हिदायत देते हुए लाइसेंस लेने की जरूरत पर जोर दिया। क्विज आधारित रियलिटी शो 'कौन बनेगा करोड़पति' सीजन 15 के होस्ट बिग बी ने यूपी के अयोध्या से रोलओवर प्रतियोगी वरुण केसरवानी का हॉट सीट पर स्वागत किया। प्रतियोगी से बात करते हुए 'पा' फेम अभिनेता ने पूछा, क्या आपके माता-पिता आपके साथ या अयोध्या में रहते हैं? वरुण ने उत्तर दिया कि सर, मेरे माता-पिता अयोध्या में रहते हैं। वहां मेरा पुश्तैनी घर है और हमारा संयुक्त परिवार है। हमारा हथियार और गोला-बारूद का कारोबार है। पिछले 80 वर्षों से यह हमारा पारिवारिक व्यवसाय रहा है। वरुण ने शेयर किया कि सभी पिताओं की तरह, मेरे पिता भी दूरदर्शी थे। उन्हें एहसास हुआ कि मुझे व्यवसाय में शामिल नहीं करना चाहिए। इसलिए उन्होंने मुझे आगे की शिक्षा के लिए शहर से बाहर भेजने का फैसला किया। आज की तारीख में भारत में हथियार लाइसेंस हासिल करना कठिन है। मुझे लगता है कि यह एक तरह से सही है।

उन्होंने आगे कहा कि सर, एक समय था जब इसके अपने फायदे थे, जिनके बारे में मैं आपको बताना चाहता हूं। मेरे माता-पिता ने भी प्रेम विवाह किया था। उस समय जब शादियां होती थीं, तो बारात में बहुत सारे हथियारबंद लोग शामिल होते थे। यह उस परिवार में शादी करने जैसा था जिसके पास बंदूकें थीं। यह उस समय ट्रेंड में था। तब यह एक स्टेटस सिंबल था, जो अब नहीं है। वरुण ने कहा कि दुनिया बदल रही है। जैसा कि हमने अमेरिका में देखा है, आए दिन प्राइमरी स्कूल के बच्चों के साथ ऐसी दर्दनाक घटनाएं हो रही हैं। मैं कहूंगा कि यह हमारी सरकार का एक अच्छा कदम है। उसी पर बोलते हुए 80 वर्षीय अभिनेता ने कहा कि आपने एक अद्भुत बात कही, वरुण। यह न केवल एक खतरनाक हथियार है, बल्कि यह समाज के लिए भी हानिकारक है। शो देखने वाले सभी दर्शकों से कहना है कि अगर आपके पास ऐसी बंदूक है, जिसके लिए आपके पास लाइसेंस नहीं है, तो आप कानून तोड़ रहे हैं। जल्दी से लाइसेंस प्राप्त करें और अपने हथियार की घोषणा करें। 'कौन बनेगा करोड़पति-15' सोनी पर प्रसारित होता है।

**प्रदर्शनी**



गुरुवार को बेंगलूरु में कर्नाटक चित्रकला परिषद में फोटो जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ बेंगलूरु की वार्षिक फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने किया।

# 'द वैक्सीन वॉर' भारतीय वैज्ञानिकों की सच्ची उपलब्धि पर आधारित : पल्लवी जोशी

**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**
dakshinbharat.com



वाशिंगटन/भाषा। फिल्म निर्देशक विवेक अग्निहोत्री और अभिनेत्री पल्लवी जोशी के कहा कि अमेरिका के कई शहरों में भारतीय अमेरिकियों के लिए निजी तौर पर प्रदर्शित की जा रही फिल्म 'द वैक्सीन वॉर' भारतीय वैज्ञानिकों, विशेष रूप से महिलाओं की उपलब्धियों से प्रेरित है। विवेक ने अपनी पत्नी पल्लवी के साथ 'पीटीआई-भाषा' को एक संयुक्त साक्षात्कार में बताया, हम बॉलीवुड नहीं हैं। इसलिए इस तरह की फिल्में बनाने का जोखिम उठाने के लिए तैयार रहते हैं। दोनों वर्तमान में वाशिंगटन डीसी में हैं। उन्होंने कहा कि यह फिल्म भारत और दुनिया के लिए एक किफायती टीका तैयार करके कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाले भारतीय वैज्ञानिकों की सच्ची कहानी पर आधारित है। पल्लवी ने कहा, हमें एहसास हुआ कि वैज्ञानिकों (भारतीय) ने जितना काम किया है, वह सिर्फ प्रयोगशाला तक सीमित नही रहा। उन्होंने अपनी सुविधा के दायरे से बाहर जाकर कड़ी मेहनत की। हमने सोचा कि यह लोगों को बताने के लिए एक बेहतरीन कहानी है। उन्होंने यह भी कहा, और मुझे लगता है कि सबसे अहम बात यह है कि वैक्सीन तैयार करने वालों में लगभग 70 प्रतिशत वैज्ञानिक महिलाएं रहीं। यह बात कहीं न कहीं मेरे दिल को छू गई और फिर विवेक ने कहा कि यह ऐसी चीज है जिसे हमें दुनिया को दिखाना चाहिए। इससे उन्हें पता चलेगा कि महिला सशक्तीकरण क्या है। विवेक ने कहा कि देश की प्रयोगशालाओं में महिला वैज्ञानिकों द्वारा किया जा रहा काम एक अलग तरह की देशभक्ति है और वे भारत की गुमनाम नायक हैं, जिन्हें पहचानने और उचित श्रेय देने की जरूरत है।

'चॉकलेट, हेट स्टोरी, ताशकंत फाइल्स' और 'कश्मीर फाइल्स' जैसी फिल्म बना चुके विवेक कहते हैं कि उन्होंने इस फिल्म को वैज्ञानिकों की निगरानी में बनाया। उन्होंने दावा किया, फिल्म की शूटिंग वास्तविक स्थानों पर की गई। यह विश्व इतिहास की पहली फिल्म है जिसे वास्तविक बीएसएल-4 प्रयोगशाला (जैव सुरक्षा स्तर) में शूट किया गया है। फिल्म में मीडिया का नकारात्मक चित्रण किया गया है और विवेक ने कहा कि उनके पास इसकी ठोस वजह है। उन्होंने कहा कि कोरोना संकट के दौरान मीडिया के एक वर्ग ने ऐसी खबरें लिखीं जो विदेशियों से प्रेरित थीं। उन्होंने कहा, पहले पत्रकार एक देश और सरकार के बीच अंतर समझते थे।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8


तीसरे आरे के अंत में कुछ समय शेष बचा था तब भगवान ऋषभदेव का जन्म हुआ। भगवान ऋषभदेव के समान हमारा भी परिवार बने और हमारे परिवार में परिवार के सभी लोग मोक्ष पहुंचे यही हमारी सोच होनी चाहिए। हमारा पुरुषार्थ होना चाहिए। भगवान आदिनाथ के दो पुत्रियां थी, ब्राह्मणी और सुंदरी। ब्राह्मणी को भगवान ऋषभदेव ने ब्रह्मलिपि यानी अक्षर लिपि का ज्ञान दिया। भगवान ऋषभदेव ने सुंदरी को अंक लिपि का ज्ञान यानी गणित का ज्ञान दिया।





# आत्मा तप से श्रेष्ठ बनती है, धन से नहीं : साध्वी धर्मप्रभा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। आत्मा तप से श्रेष्ठ बनती है न कि धन से। गुरुवार को साहुकारपेट के एसएस जैन भवन में साध्वीश्री धर्मप्रभवा ने गुरुद्वय जयंती कार्यक्रम के पांचवे दिन गुरुवार को एकासन व्रत करने वाले श्रद्धालुओं को तप का महत्व बताते हुए कहा कि तपस्या छोटी बड़ी नहीं होती है, तप-तप ही होता है। अपनी आत्मा को श्रेष्ठ बनाना है, तो तप से ही श्रेष्ठ बन सकती है, धन से नहीं बनने वाली है। समभावों के साथ तप और जीवों की जो प्राणी रक्षा और सुरक्षा करता है वो जीवन में सुख तो प्राप्त करता ही है, साथ ही लब्धियां और सिद्धियां को प्राप्त करके अपनी इस आत्मा को पावन बना सकता है। हटी घमंडी धन वान मित्यार्थी और पद लुप्ता का अंहकार करने वाला इंसान तपस्वियों को सताता है और उपहास उड़ाता है। ऐसा मनुष्य जीवन में कितना भी धन प्राप्त कर लेवें वह सुख नहीं भोग सकता है, और न ही मरने बाद अपनी इस आत्मा को मुक्ति दिला सकता है। आत्मा का उध्दार तभी हो सकता है जब मनुष्य अपने घमंड और अहंकार का त्याग और प्रश्चाताप करके समभाव के साथ जीवों की रक्षा करता है तो अपनी इस आत्मा को मुक्ति दिलवा पाएगा। धन दौलत इंसान कितना भी कमा लें लेकिन अपने साथ एक रूपया भी नहीं ले जा सकता है। साथ जाएगा तो सिर्फ धर्म और पुण्य ही। धन, दौलत साथ में जाने वाली नहीं है। साध्वी स्नेहप्रभा ने कहा कि शरीर कुंदन तभी बन सकता है जब मनुष्य संभाव के साथ तपस्या करता है तो अपनी इस काया को कुंदन और पवित्र बना सकता है।

श्रीसंघ के कार्याध्यक्ष महावीरचन्द सिसोदिया ने बताया कि श्रद्धालुओं ने एकासन व्रत एवं तपस्वी निशा संकलेचा ने ग्यारह उपवास के प्रत्याखान साध्वीश्री से लिए। एकासन करने वालों की संघ के द्वारा अनुमोदना की गई और ग्यारह उपवास करने वाले तपस्वी को सम्मानित किया गया।



# केंद्रीय राज्य रेल मंत्री दरसाना जरदोष का कोयम्बटूर दौरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोयम्बटूर। कोयम्बटूर दौरे पर पहुंची केन्द्रीय रेल राज्य मंत्री दरसाना जरदोष ने गुरुवार को नार्थ कोयम्बटूर रेलवे स्टेशन का दौरा किया। यहां अमृत स्टेशन योजना के तहत लगभग 300 करोड़ रुपए की लागत से स्टेशन का नवीनीकरण किया जा रहा है। इस मौके उनके साथ भाजपा की राष्ट्रीय महिला मोर्चा अध्यक्ष एवं विधायक बनाती श्रीनिवासन एवं वरिष्ठ रेलवे अधिकारी उपस्थित थे।

# व्यक्ति की प्रतिष्ठा उसके कार्यों से बनती है, प्रदर्शन से नहीं : देवेंद्रसागरसूरी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां श्री सुमतिवल्लभ जैन संघ बिन्नी में आचार्य श्री देवेंद्रसागरसूरिजी ने धर्म प्रवचन देते हुए कहा कि प्रशंसा की चाहत सांसारिक कष्टों का मूल है। इसकी चरम स्थिति आत्ममुग्धता गंभीर मानसिक विकृति है, जिसका उपचार जरूरी है। इसीलिए प्रतिफल की इच्छा रखे बिना अपने कर्तव्य में चित्त लगाएं। चित्त कार्य पर रहेगा तो नाम की इच्छा ही न रहेगी। चित्त कार्य पर रहे या प्रतिफल पर, यह चयन अहम है क्योंकि दोनों की विपरीत परिणतियां हैं। मोटे तौर पर मनुष्यों के दो प्रकार हैं- कार्य करने वाले और श्रेय बटोरने वाले। पहली श्रेणी में सीमित व्यक्ति हैं, पर वे कर्मठ, अपेक्षाकृत संतुष्ट, आत्मवश्विासी और भवष्यि के प्रति आश्वस्त हैं। अधिसंख्य दूसरी श्रेणी में हैं। वे भीतर से क्षीण और भविष्य के प्रति आशंकित रहते हैं। आचार्य श्री ने आगे कहा कि कि प्रशंसा की इच्छाएं मनुष्य को अनिवार्यतः दुर्गति की ओर ले जाती हैं। व्यक्ति की प्रतिष्ठा उसके कार्यों से बनती है, जो प्रदर्शित किया जाए उससे नहीं। शोकेस में सजे मेडल, पुरस्कार, शील्ड व प्रशस्तिपत्र व्यक्ति की गरिमा का पैमाना नहीं होते। ये जोड़तोड़ से भी हासिल कर लिए जाते हैं। इनमें कुछ, मात्र कंपनी में दीर्घकाल तक सेवारत रहने या ऑनलाइन गोष्ठी, काव्यपाठ आदि में उपस्थिति जैसे उथले आधारों पर वितरित किए जाते हैं। इसके विपरीत निष्ठा और मनोयोग से निष्पादित कार्य स्वयं बोलता है। उनका ढोल नहीं पीटना पड़ता, न ही साक्ष्य जुटाने पड़ते हैं। निःस्वार्थ भाव से संपन्न कार्य आनंद देता है।

# कुबुद्धि का उपयोग धर्म के लिए नहीं करना चाहिए : आचार्य उदयप्रभ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां किलपॉक श्वेताम्बर मूर्तिपूजक जैन संघ में विराजित आचार्यश्री उदयप्रभ सूरीश्वरजी म.सा. ने प्रवचन में कहा नीम का पेड़ घी, दूध, शेलड़ी रस से सींचो, फिर भी कभी मधुरता नहीं देता। लहसुन पर कर्पूर का छिंटकाव कभी सुगंध नहीं देता। वैसे ही कुगुरु के पास उपासना कैसी भी करो, उसका कोई प्रभाव नहीं होता। ज्ञानी कहते हैं यदि आप धर्म का उपयोग निजी सुखों के लिए करो, वह समझ में आता है। लेकिन अधर्म का उपयोग धर्म के लिए करो तो वह दुष्परिणाम देता है। ऐसा करने वाले लोग जो छाप छोड़ते हैं, वह थोड़े दिन अच्छा लगेगा। उसकी प्रतिक्रिया उनके खुद के ऊपर होती है क्योंकि धर्म के नाम से मैली विद्याओं का प्रयोग, वशीकरण इत्यादि कुगुरु के लक्षण है। आखिरकार इन मैली विद्याओं की विशेषकर मृत्यु के समय उसकी पीड़ा अवश्य होती है। धर्म के विषय में चारित्रिक आत्माओं का इतिहास अमर है। अनादि काल से व्यक्ति भौतिकता में डूबा हुआ है। वर्तमान की सामग्री देव, गुरु, धर्म जो मिले हैं, वे धर्म के प्रभाव से मिले हैं। धर्म का स्थान कठिन अवश्य होता है लेकिन उसका परिणाम अच्छा आता है। उन्होंने कहा सद्गुरु शेर के जैसे होते हैं और कुगुरु लोमड़ी जैसे होते हैं। संसार के दावानल से बचाने के लिए सद्गुरु शेर का काम करते हैं। जैन धर्म के सद्गुरु का चारित्रिक प्रभाव इतना था कि वह आज भी कायम है। अहिंसा धर्म के सद्गुरु की परंपरा आज भी चल रही है।





# वैष्णव कालेज में गोस्वामी तुलसीदास जयंती मनाई गयी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां द्वारका दास गोवर्धनदास वैष्णव कालेज के हिन्दी विभाग शिफ्ट-2 के तत्वावधान मे तुलसी जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित एक दिवसीय अंतर्महाविद्यालयीय संगोष्ठी गुरुवार को सम्पन्न हुयी। संगोष्ठी का विषय था गोस्वामी तुलसी दास और उनका साहित्य। चेन्नई शहर के कुल 19 कॉलेज के विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपना प्रपत्र पढ़ा। कुछ ने पीपीटी के माध्यम से भी अपना प्रपत्र प्रस्तुत किया। उदघाटन सत्र के मुख्य अतिथि भूतपूर्व पुलिस महानिदेशक तमिलनाडु भोलानाथ चतुर्वेदी आईपीएस ने अपने उद्बोधन मे तुलसी दास के जीवन पर गहरा प्रकाश डाला। आपश्री ने बताया की यह हम लोगों का सौभाग्य है कि हमें तुलसी दास जैसा संत मार्गदर्शन हेतु मिला है। सम्मानित अतिथि के रूप में आए सामाजिक कार्यकर्ता एवं कवि प्रवीण कुमार ने बताया की तुलसी दास ने हमें रास्ता दिखाया है। अब हम लोगों की ज़िम्मेदारी है की हम उनके बताए रास्ते पर चले। प्राचार्य डॉ एस संतोष बाबू ने अपने अध्यक्षीय भाषण मे बताया की भाषा हम सभी को जोड़ती है। हमारा सौभाग्य है की भारतीय समस्त भाषाओं में हमें अच्छे मार्गदर्शक मिले है। हमें उनके आदर्शो पर चलना चाहिए। सचिव डॉ अशोक कुमार मूँधड़ा ने बताया की अपने विचारों के माध्यम से गोस्वामी तुलसी दास अभी भी हमारे बीच में है। हम उनके रामचरित मानस को घर-घर गाते है। उनकी पूजा करते है। अशोक केड़िया ने अपने शुभ संदेश में बताया कि राम का चरित्र हमारे लिए एक आदर्श है। विभागाध्यक्ष डॉ अशोक कुमार द्विवेदी ने आगन्तुकों का स्वागत किया। प्रपत्र वाचन एवं काव्य पाठ हेतु प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिया गया। सभी छात्रों को प्रमाणपत्र, स्मृति चिह्न, अंग वस्त्रम एवं पेन देकर सम्मानित किया गया।



# हमारी संस्कृति में तिथियों के हिसाब से त्यौहार हैं : साध्वी चैतन्यश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां पुरुषवाक्कम में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वी श्री चैतन्यश्रीजी म. सा. ने अपने प्रवचन में बताया कि भारत भारतीय संस्कृति यानी त्योहारों की संस्कृति है सप्ताह के दिन सात हैं, पर त्यौहार आठ हैं। सवेरे अष्टमी तो दोपहर में नवमी मनाई जाती हैं। सभी महापुरुषों के दिन तिथि से मनाई जाती है। हर तिथि को त्यौहार मनाया जाता है। एक्कम को एकादशी, बीज को भाई दूज, तीज को अक्षय तृतीया, चौथ को करवा चौथ, पंचमी को ज्ञान, पंचमी छठ को छठ पूजा, सात्तम को शीतला सप्तमी, आठम को कृष्णाष्टमी, नवमी को रामनवमी, दशम को दशहरा, ग्यारस को एकादशी, बारस को वासु बरस, तेरस को धनतेरस, चौदस को रूप चौदस और अमावस को दीपावली इस प्रकार से त्यौहार आते हैं और मनाये जाते हैं और पूर्णिमा के दिन रक्षाबंधन मनाया जाता है। रक्षा बंधन यानी रक्षा करना। भाई को बहन रक्षा का कवच देती है।

आज रक्षाबंधन का संपूर्ण कार्यक्रम वर्धमान नवयुवक मंडल पुरुषवाक्कम के द्वारा रखा गया। नवयुवक मंडल ने रक्षाबंधन के त्यौहार को साध्वीश्री के सानिध्य में मनाते हुए कार्यक्रम के लाभार्थी बने। राजस्थानी पोशाक में सुसज्जित होकर एवं थाली को सजाकर लेकर आये थे उनको प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिया गया यह जानकारी पुरुषवाक्कम संघ के अध्यक्ष विनयचन्द पावेचा ने दी।



# अपने से कमजोर की हमेशा मदद करनी चाहिए : आचार्य महेन्द्रसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

राणीबेन्नूर। यहां शहर के सुमतिनाथ जैन श्वेताम्बर मूतिपूजक संघ में चातुर्मासार्थ विराजित आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीजीश्री ने प्रवचन में कहा कि समाज में अगर लोग संपन्न लोग होते है तो विपन्न भी होते हैं। कमजोर होते हैं, तो बलवान भी होते हैं। जो लोग हर तरह से सक्षम होते हैं उनका समाज में सामंजस्य बनाये रखने के लिए उनका उत्तरदायित्व बढ़ जाता है कि वे अपने से कमजोरों की हर तरह से मदद करें। रक्षाबंधन के त्यौहार का यही संदेश है कि हम सभी जो सक्षम है उन्हें सभी जीवों की रक्षा करनी चाहिए।

रक्षाबंधन का यह त्यौहार भाई-बहन के प्रेम और पवित्र रिश्ते का त्यौहार है। इस दिन बस बहन भाई की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर जहाँ उनकी लम्बी उम्र और खुशियों की कामना करती है, वही भाई हर संकट से बहन की रक्षा करने का संकल्प करता है। भाई का संकल्प हो कि मैं प्रत्येक स्त्री की रक्षा करुंगा और बहन की भावना हो कि प्रत्येक भाई स्वस्थ, सम्पन्न व सहयोगी रहे। कहते है कि बहन रक्षा सूत्र बांधते हुए भाई की कलाई पर धागे से तीन गांठ लगाए। यह गांठ भाई की तंदुरस्ती, सुख समृद्धि और तीसरी रिश्ते को मजबूत करने के लिए होती है।

लेकिन मेरा मानना हैं कि प्रथम गांठ ज्ञानस्य दर्शन रत्न की प्राप्ति के लिए, दूसरी ज्ञान रत्न की प्राप्ति और तीसरी चारित्ररत्न की प्राप्ति के लिए लगानी चाहिए जिससे गांठ लगाने वाले और जिसके लिए गांठ लगाई जा रही है उन दोनों का रत्नत्रयी की आराधना से कल्याण हो। इस मौके पर गदग से रुपचंद पारलेचा, रमेश बिदामिया, रमेश ओसवाल, सवालचंद संखलेचा, मुल्तानमल गादिया, मदनलाल लुंकड़, मनोज बाफना आदि उपस्थित हुए। सभी ने आचार्यश्री के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## मुलाकात

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



कोयम्बटूर। खरतरगच्छ के गच्छाधिपति आचार्यश्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वरजी म. सा. के आज्ञानुवर्ती मुनिश्री स्थविर मुक्तिप्रभसागरजी, गणिवर्य मुनिश्री मनीषप्रभसागरजी, मुनिश्री मतिषप्रभ सागरजी म. सा. कोयम्बटूर जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ के भवन में चातुर्मासार्थ विराजित हैं। गुरुवार को द्वितीय श्रावण सुदी पूर्णिमा के अवसर पर दादा गुरुदेव की बड़ी पूजा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्थविर मुक्ति प्रभ सागरजी ने बड़ी पूजा बड़े सुंदर तरह से संगीतमय रूप से पढ़ाई। इस मौके पर केएमपी महिला परिषद ने भजन स्तवन और गुरु इकतिसा का पाठ पढ़ा। पूजा के लाभार्थी रहे मांनकंवर मंजू नहाटा न्यास परिवार जिनका संघ द्वारा सम्मान किया गया।

## मुलाकात

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



कोयम्बटूर दौरे पर पहुंची केंद्रीय रेलवे व टेक्सटाइल राज्य मंत्री दर्शना जरदोश से राजस्थानी प्रवासियों ने मुलाकात की। जिसमे विप्र फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष डॉ श्रवण बोहरा, हरीश पटेल, राजेश अग्रवाल, हितेष सुथार व अन्य ने मिलकर उन्हें सम्मानित किया। कोयंबतूर हिसार एक्सप्रेस ट्रेन के हफ्ते में दो बार संचालन किया जाए ऐसा निवेदन किया।

## दौरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



कोयम्बटूर दौरे पर पहुंची केंद्रीय रेलवे व टेक्सटाइल राज्य मंत्री दर्शना जरदोश ने गुरुवार को गुजराती समाज के बंधुओं से मुलाकात की। उन्होंने मेट्टूपाल्यम् स्थित गुजराती समाज भवन का दौरा किया और यहां समाज के पदाधिकारियों और समाज के गणमान्य लोगों से मुलाकात की। गुजरात से आकर यहां बसे हुए प्रवासी गुजरातियों ने मंत्री महोदय को अपनी बातें बताई।

# कबूतरों के सहयोगार्थ बागरेचा परिवार ने भेंट किया वाहन



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के शंखेश्वर पार्श्वनाथ जैन कबूतर दाना सेवा समिति के सदस्यों को कबूतरों को दाना वितरण सहयोगार्थ बसवनगुड़ी निवासी संपतराज जिनाणी बागरेचा परिवार ने एक नूतन मारुति ईको वाहन संस्था को भेंट किया। रक्षा बंधन के अवसर पर सम्पतराज बागरेचा ने वाहन की पूजा कर राजाजीनगर स्थित कबूतरदाना स्थल पर सेवा समिति के पदाधिकारियों को वाहन की चाबी सौंपी। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष मोटमल सदानी, मंत्री महेन्द्रकुमार मेहता, कोषाध्यक्ष वसन्तराज रांकासेठिया, ट्रस्टी पारसमल घीया, कांतिलाल बागरेचा, रमेशकुमार श्रीश्रीमाल ने बागरेचा परिवार का सम्मान किया।


Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.


Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.